इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- डिजिटल अरेस्ट से बचें, ये बदमाशों का फरेब; कोई सरकारी एजेंसी ऐसा नहीं करती

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो ब्रॉडकास्ट प्रोग्राम मन की बात के 115वें एपिसोड में देशवासियों को संबोधित किया। दिवाली से पहले आज रविवार को देशवासियों को दिवाली, धनतेरस, छठ पूजा और गुरुनानक जयंती की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने देश में बढ़ रहे साइबर अपराध (Cyber Crime) पर विशेष जोर दिया। पीएम मोदी ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़ा एक वीडियो प्रसारित कर बताया कि आजकल देशभर में ऐसी घटनाएं बहुत सामने आ रही हैं। ध्यान रखें कि पुलिस या कोई भी सरकारी एजेंसी इस तरह वीडियो कॉल पर पूछताछ नहीं करती हैं। आपको इस डिजिटल फ्रॉड से बचना होगा। साथ ही उन्होंने लोगों को साइबर आपराधियों के चंगुल से बचने के लिए जरूरी उपाय भी बताए।

### पीएम मोदी डिजिटल अरेस्ट को लेकर किया जागरूक

प्रधानमंत्री मोदी ने इन दिनों साइबर क्रिमिनल्स के नए हथियार डिजिटल अरेस्ट को लेकर जागरुकता फैलाने के लिए एक वीडियो दिखाया। पीएम मोदी ने कहा- ये वीडियो डिजिटल अरेस्ट का है। ये लोग फ्रॉड करने के लिए



पुलिस, सीबीआई और अन्य एजेंसियों के अधिकारी बनकर वीडियो कॉल करते हैं।

मुझे मन की बात के जरिए इस पर बात करने के लिए कई लोगों ने कहा। साइबर अपराधी आपके बारे में पहले ही कई तरह की जानकारी जुटा लेते हैं और फिर फर्जी पुलिस स्टेशन या जांच एजेंसी के ऑफिस का सेटअप तैयार कर कॉल करते हैं। ये लोग पीड़ित पर समय अभाव बताकर इतना दबाव बना देते हैं कि वो कुछ सोच-समझ नहीं पाता है और डर और सहम जाता है। देश में कई लोगों ने लाखों रुपए गंवाए हैं। आप इनसे सावधान रहिए।

### साइबर क्राइम से बचने के 3 उपाय- रुको, सोचो और एक्शन लो

पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं आपको साइबर क्रिमिनल्स से बचने के लिए कुछ अहम उपाय बताने जा रहा हूं।

1. घबराए नहीं, किसी को अपनी पर्सनल जानकारी नहीं दें। कोई भी सरकारी एजेंसी इस प्रकार वीडियो कॉल पर जांच नहीं करती है। कुछ बदमाश लोग भोले-भाले नागरिकों को शिकार बना रहे हैं। अगर आपके पास ऐसा कोई कॉल आए तो उसे रिकॉर्ड करें और तुरंत साइबर थाने और सरकारी एजेंसियों से इसकी शिकायत करें।

2. डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था कानून में नहीं है। डिजिटल अरेस्ट को लेकर जो फरेब चल रहा है, उसके खिलाफ सरकारी एजेंसियां काम कर रही हैं। लाखों सिमकार्ड, बैंक खातों और सोशल अकाउंट्स को ब्लॉक किया गया है।

3. डिजिटल अपराधियों और साइबर क्राइम के खिलाफ लड़ाई में युवा और छात्र आगे आएं और दूसरों लोगों को भी जागरूक करें। आप चाहें तो इसके लिए #Digital Security का इस्तेमाल कर सकते हैं। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने पर सहमति, संसद के शीतकालीन सत्र में लाया जाएगा प्रस्ताव



नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद केंद्र सरकार ने अब जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा (स्टेटहुड) देने पर सहमति जताई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नवंबर के आखिरी सप्ताह में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। हालांकि, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा।

जम्मू कश्मीर के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने दोनों नेताओं से जम्मू कश्मीर के लिए पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। अब्दुल्ला को इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था। इसके बाद अब खबरें सामने आई है कि शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा।

बता दें कि साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35 हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था। चुनाव के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व में गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल को भेजा गया था। LG मनोज सिन्हा ने 19 अक्टूबर को प्रस्ताव मंजूर करने के बाद गृह मंत्रालय को भेज दिया था।

जम्मू कश्मीर को पुनः राज्य का दर्जा देने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में नए कानूनी बदलावों का अनुमोदन जरूरी होगा, यानी संसद से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलना जरूरी है। मंजूरी के बाद इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी के बाद जिस दिन राष्ट्रपति इस कानूनी बदलाव की अधिसूचना जारी करेंगे, उसी तारीख से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिल जाएगा।

## मुंबई में रेलवे स्टेशन पर भगदड़, पुलिस नहीं कर पाई काबू, भीड़ में हुई धक्का मुक्की



मुंबई। देर रात बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर भगदड़ मच गई। धक्का मुक्की करते हुए भाग रहे लोग एक दूसरे के ऊपर गिरने लगे। महिलाएं और बच्चे अपनी जान बचाने को इधर उधर भागने लगे।

इस भगदड़ में 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से 2 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। घायलों को भाभा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की हालत खतरे से बाहर है, लेकिन एक युवक की टांग पर गहरा कट लगा है। बताया जा रहा है कि भीड़ इतनी थी कि पुलिस भी हालात काबू नहीं कर पाई। रात करीब 2 बजे की घटना है। मुंबई रेलवे स्टेशन पर बांद्रा गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन आई थी और उसमें चढ़ने के लिए लोगों में धक्का मुक्की हुई। पुलिस ने हालात कंट्रोल करने की कोशिश की तो भगदड़ मच गई। किसी तरह पुलिस ने प्लेटफार्म खाली कराया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस जांच में पता चला कि ट्रेन को सुबह करीब सवा 5 बजे रवाना होना था, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## शिवसेना ने जारी की 20 प्रत्याशियों की दूसरी सूची, आदित्य ठाकरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे मिलिंद देवड़ा

मुंबई। महाराष्ट्र में सभी दल अपने प्रत्याशियों का ऐलान करने में जुटे हैं। रविवार को कांग्रेस ने अपने 14 प्रत्याशियों का एलान किया तो वहीं प्रदेश की सत्ता में काबिज शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने 20 प्रत्याशियों की एक और सूची जारी की है। शिवसेना की दूसरी सूची में पूर्व केंद्रीय मंत्री और राज्यसभा सदस्य मिलिंद देवड़ा को वर्ली विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया गया है। यहां उनका मुकाबला शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे से होगा। पार्टी ने पालघर के मौजूदा विधायक का टिकट काट दिया है।

### डिंडोशी से संजय निरुपम मैदान में

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ने वाले पूर्व सांसद संजय निरुपम को डिंडोशी सीट से उतारा गया है। उनके खिलाफ शिवसेना (यूबीटी) के सुनील प्रभु होंगे। कुडाल सीट विधानसभा सीट पर शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार वैभव नाइक के खिलाफ एकनाथ शिंदे ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री नारायण राणे



के बेटे नीलेश राणे को उतारा है। नीलेश राणे ने पिछले हफ्ते भाजपा छोड़कर शिवसेना का दामन थामा था।

### अब तक 65 प्रत्याशियों का ऐलान

शिवसेना ने पहली सूची में 45 प्रत्याशियों का एलान किया था। पार्टी अब तक कुल 65 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। अंबरनाथ सीट से मौजूदा विधायक बालाजी किणिकर को दोबारा उम्मीदवार बनाया गया है।

### पालघर विधायक का कटा टिकट

पार्टी ने शिवसेना (यूबीटी) उम्मीदवार रुतुजा लटके के खिलाफ अंधेरी ईस्ट से मुरजी पटेल को टिकट दिया है। पूर्व सांसद राजेंद्र गावित को पालघर से मौजूदा विधायक श्रीनिवास वनगा की जगह मैदान में उतारा गया है। गावित ने कांग्रेस छोड़क भाजपा ज्वाइन की थी। इसके बाद शिवसेना का दामन थाम लिया।

### कोल्हापुर से राजेश क्षीरसागर लड़ेंगे चुनाव

परभणी से आनंद भरोसे, बोइसर से विलास तारे, भिवंडी ग्रामीण से शांताराम मोरे, भिवंडी पूर्व से संतोष शेट्टी, कल्याण पश्चिम से विश्वनाथ भोईर, विक्रोली से सुवर्णा करंजे, चेंबूर से तुकाराम काटे, पुरंदर से विजय शिवतारे, कोल्हापुर उत्तर से राजेश क्षीरसागर, अक्कलकुआ से अम्श्या पडवी, बालपुर से बलिराम शिरास्कर, हदगांव से संभाराव कोहालिकर और नांदेड़ दक्षिण से आनंद तिडके पाटिल को प्रत्याशी बनाया गया है।

### शिवसेना महायुति गठबंधन का हिस्सा

शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का हिस्सा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीपी के पालिका बाजार से 2 चाइनीज जैमर जब्त, पुलिस ने टेली कम्यूनिकेशन विभाग को किया अलर्ट

दिल्ली। दिल्ली के पालिका बाजार से 2 चाइनीज मोबाइल जैमर बरामद किए गए हैं. जानकारी के मुताबिक इन्हें सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जा रहा है. इस जैमर की क्षमता 50 मीटर है और इस मामले में दुकान के मालिक रवि माथुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.



रवि ने बताया कि वो ये जैमर लाजपत राय मार्केट से 25 हजार रुपये में लाया था और यहां पर इसे ऊंचे दाम में बेचना चाह रहा था. जानकारी के मुताबिक इस तरह के जैमर बेचने के लिए लाइसेंस और जरूरी दस्तावेजों की जरूरत होती है लेकिन दुकानदार के पास कोई दस्तावेज नहीं थे. इसे बेचने के लिए कैबिनेट सेक्रेट्रिएट ने गाइडलाइंस बनाई हुई हैं. इस तरह के जैमर को कोई इंडिविजुअल शख्स ने नहीं बेच सकता है. दिल्ली पुलिस ने टेलीकम्युनिकेशन विभाग को जानकारी दी और अब दिल्ली के बाकी बाजारों में भी जांच की जा रही है. हाल ही में रोहिणी में ब्लास्ट भी हुआ था और इस तरह के जैमर का इस्तेमाल कर कोई भी कम्युनिकेशन को ठप कर सकता है. यदि कहीं जैमर लगा दिया जाए तो आस-पास की सभी तरह की सेलुलर गतिविधियां जाम हो जाती हैं. इनमें इनकमिंग, आउटगोइंग कॉल, एसएमएस और फ़ोटो भेजना शामिल है. पहले से चल रही सभी कॉलें स्वचालित रूप से बाधित और कट जाती हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मिठाई के नाम पर बेचा जा रहा 'जहर', दुकानों में घुसते ही प्रशासन हैरान

सागर। दीपावली का त्योहार आते ही खाने पीने की सामग्रियों में मिलावट को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है. सरकार के मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिलेभर में छापामार कार्रवाई की जा रही है.

इसी कड़ी में सागर सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग के नेतृत्व में मोती नगर इलाके में बड़ी कार्रवाई की गई है, जहां बड़े पैमाने पर दूषित मावा प्राप्त हुआ है. इसके अलावा घर पर ही अवैध तरीके से मिठाई कारखाना संचालित करने पर भी कार्रवाई की गई है.



दीपावली से पहले सागर में कई मिठाई दुकानों पर प्रशासन ने मारा छापा, कई क्विंटल खराब मिठाई की गई जब्त

### बिना अनुमति के रहवासी क्षेत्र में मिठाई का कारखाना

मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है. कलेक्टर के निर्देश जिले में मिलावटी और अमानक खाद्य सामग्री का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित है. इसी कड़ी में पुलिस व खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने कई दुकानों में कार्रवाई की है. सिटी मजिस्ट्रेट जूही गर्ग ने बताया, 'मोती नगर थाना क्षेत्र में राहतगढ़ बस स्टैंड के पास एक मिष्ठान भंडार के संचालक अवैध रूप से घर में ही मिठाई का कारखाना चला रहे थे, जिसे तत्काल बंद कराकर सील किया गया है. साथ ही बॉयलर और भट्टी को जब्त किया गया है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## श्रीश्री रविशंकर को मिला इस देश का सर्वोच्च सम्मान, शांति एवं सद्भाव के लिए सम्मानित



नई दिल्ली। दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र फिजी ने श्रीश्री रविशंकर को मानवीय भावना के उत्थान और शांति एवं सद्भाव के साथ विविध समुदायों को जोड़ने में उनके अथक योगदान के लिए अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया है। श्रीश्री रविशंकर को फिजी गणराज्य के राष्ट्रपति रातू विलियम केटोनीवेरे ने 'फिजी के मानद अधिकारी' की उपाधि दी। शनिवार को फिजी पहुंचने पर श्रीश्री रविशंकर का पारंपरिक और भव्य स्वागत किया गया। देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित होने पर उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी खुशी साझा की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इधर ईरान ने इजराइल पर बरसाई मिसाइलें और उधर क्रूड ऑयल की कीमतों में लग गई आग

ईरान। मिडिल ईस्ट में एक बार फिर हालत बेकाबू हो गये हैं। ईरान ने मंगलवार को इजराइल पर जबरदस्त मिसाइल अटैक किया है। ईरान ने करीब 200 हाई स्पीड बैलिस्टिक मिसाइलें इजराइल पर दागी हैं।




मंगलवार रात पूरे इजराइल में रॉकेट सायरन बजने लगे। आसमान में मिसाइल इंटरसेप्शन से लगातार धमाकों की आवाजें आती रहीं। कई इलाकों में मिसाइलें गिरने की भी सूचना है। ऐसे में इजराइली सेना ने तुरंत सभी लोगों को शेल्टर में जाने की सलाह दी। ईरान का कहना है कि उसने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत का बदला लिया है। हालांकि, ईरान के इस अटैक से इजराइल में कुछ खास जान-माल के नुकसान की खबर नहीं आई है। दुसरी तरफ ईरान के इस हमले ने तेल मार्केट में अफरा-तफरी मचा दी है।

मंगलवार को क्रूड ऑयल की कीमतों में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला। ईरान-इजराइल तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में बड़ा उछाल देखने को मिला है। डबल्यूटीआई क्रूड ऑयल 5 फीसदी उछलकर 71 डॉलर प्रति बैरल के पार जा पहुंचा है। वहीं, ग्लोबल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 75 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। ईरान मिडिल ईस्ट में क्रूड ऑयल का प्रमुख उत्पादक देश है। साथ ही यह ओपेक का सदस्य देश भी है। इजराइल अब ईरान पर जवाबी हमला करता है, तो कीमतों में आगे और उछाल देखने को मिल सकता है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## मोतियाबिंद ऑपरेशन में गड़बड़ी : 10 को दिखना बंद, दंतेवाड़ा से रायपुर रेफर हुए हैं आदिवासी बुजुर्ग; डॉक्टर-नर्स, अधिकारी सस्पेंड



### नेत्र सर्जन डॉ. गीता नेताम को किया निलंबित

मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद 10 मरीजों की हालत बिगड़ गई थी। इसके बाद नेत्र सर्जन डॉ. गीता नेताम, नर्स व अधिकारी को निलंबित कर दिया है। मोतियाबिंद के ऑपरेशन में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की गई है। सर्जरी में निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन नहीं पाया गया है।

दंतेवाड़ा। दंतेवाड़ा के जिला अस्पताल में बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां डॉक्टरों ने फंगस वाले ओटी में मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर दिया।

जहां 20 मरीजों का ऑपरेशन किया गया। इसके बाद 10 मरीजों की हालत बिगड़ गई। जिन्हें आनन फानन में रायपुर रेफर किया गया है। इस मामले की जांच के लिए रायपुर से विशेषज्ञों की टीम दंतेवाड़ा जाएगी। बता जा रहा है कि जिन मरीजों की हालत बिगड़ी है, उन्हें इन्फेक्शन से फिर आंखों में समस्या हो रही है। अब हालत यह है कि मरीजों को दिखाई देना भी बंद हो गया है।

इस समस्या के बाद मरीजों के परिजनों में भी आक्रोश है। मामला बढ़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने जांच टीम गठित की है। जांच टीम दंतेवाड़ा पहुंचकर जांच करेगी कि आखिर इन्फेक्शन ओटी की वजह से हुआ है या फिर अन्य कोई समस्या थी।

### आंख में इफेक्शन की शिकायत की

22 अक्टूबर को 20 लोगों का ऑपरेशन हुआ था। इसमें से 10 मरीजों की आंख में संक्रमण हो गया। इसकी शिकायत मरीजों ने की। इस पर एक को जगदलपुर के मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया। वहीं 9 को अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर में ले जाकर भर्ती कराया गया है। जहां सभी मरीजों की आंख का फिर से ऑपरेशन हुआ है। वहीं बीती देर शाम जगदलपुर में भर्ती किए गए मरीज को भी रायपुर रेफर किया गया। अंबेडकर अस्पताल से जानकारी मिली है कि सभी मरीजों को नेत्र रोग विभाग के अलग वार्ड में रखा है। जिनकी निगरानी व उपचार जारी है। लगभग दो दिन बाद ही पता चलेगा कि उनकी आंखों की स्थिति क्या है। फिलहाल मरीजों की आंखों में दिक्कतें क्यों आई, इसकी जांच की जा रही है। जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति का पता चलेगा।

### जांच के दिए आदेश

वहीं दंतेवाड़ा में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के दौरान हुई इस बड़ी लापरवाही मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि, मामले का पता मेकाहारा जाकर ही चलेगा कि, क्या वजह है। जरूरत पड़ी तो मामले की जांच भी करवाएंगे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)






# बाजार में चारपहिया वाहन व ई- रिक्शा वालों के प्रवेश पर प्रतिबंध

## प्रशासन ने शहर के व्यापारियों के साथ मिलकर बनाई गई व्यवस्था, त्योहारी सीजन में बाजार में लोगों को हर पल लगने वाली जाम से मिलेगी राहत

राजनांदगांव (दावा)। शहर में दीपावली में खरीदारी के लिए उमड़ने वाली भीड को देखते हुए प्रशासन ने लोगों के सुचारू यातायात के लिए एक नई व्यवस्था लागू की है। शहर के व्यापारियों के साथ बैठकर बनाई गई इस व्यवस्था में दीपावली त्यौहार के पूर्व शहर के बाजार में चारपहिया वाहन व ई- रिक्शा आटो का धड़ल्ले से प्रवेश नहीं हो सकेगा। बाजार में सुबह 10 बजे से रात्रि 9 बजे तप कार व आटो रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे। इन वाहनों को गंज चौक, भारत माता चौक से डायवर्ट किया जाएगा। वहीं इन चारपहिया वाहनो की पार्किंग के लिए महावीर चौक स्थित फ्लाई ओवर के नीचे के स्थान को निर्धारित किया गया है।

प्रशासन ने शहर के जयस्तंभ चौक के बीचोंबीच लगने वाले अघोषित मोटर सायकल पार्किंग को पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। इस स्थान पर पूजा सामग्री बेचने वाले फूटकर विक्रेताओं के लिए सुरक्षित कर दिया गया है ,उन्हें यहां पसरा लगाने की अनुमति दी गई है। बता दें कि पिछले दिनों जयस्तंभ चौक पर पूजा सामग्री बेचने वाली महिलाओं ने उन्हें यहां पर हो रही परेशानी के संबंध में कलेक्टर से शिकायत की थी। अब इस क्षेत्र में अघोषित रूप से बनाए जाने वाले मोटर



साइकल के पार्किंग स्थल नहीं होने से पूजा सामग्री बेचने वाली महिलाओं व अन्य लोग मजे से अपना व्यवसाय कर सकेंगे।

### रविवार से लागू हुई नई व्यवस्था

चेंबर ऑफ कॉमर्स व कैट के व्यवसायी राजा माखीजा, राजू डागा, संजय तेजवानी, गुरमुखदास वाधवा, आलोक बिंदल आदि कलेक्टर, एसपी, एडीशनल एसपी आदि के साथ बैठकर उक्त व्यवस्था का निर्धारण किया। कैट के अध्यक्ष राजू डागा ने कहा कि ग्राहक व्यवसायियों के भगवान है। प्रशासन द्वारा शहर में उनकी खरीदारी हेतु आने के लिए उचित सुविधाएं बढ़ाई जाए। इसी तरह चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री राजा माखीजा ने बताया कि बाजार में जहां - तहां फल ठेला लगा कर यातायात जाम करने वाले तथा शहर में वाले धूम-धूमकर फल का व्यवसाय करने वाले शहर में बेवजह रास्ता जाम करते हैं।

शहर अंदर उन्हें प्रवेश देने से मना किये जाने की मांग पर फल ठेला वालों के लिए गुरुद्वारा के पीछे शिवाजी पार्क के पास ठेला लगाने की व्यवस्था की है। इसी तरह श्री माखीजा ने बाजार में ज्यादा भीड़भाड़ वाले स्थान यथा सिनेमा लाइन से हलवाई लाइन भारत माता चौक क्षेत्र को वन- वे किए जाने की मांग की थी। बता दें कि पूर्व कलेक्टर के समय इस लाइन को वन- वे किया गया था।

अब बताया जा रहा है कि अब रविवार से त्योहारी सीजन के इन दो- तीन दिनों के लिए महावीर चौक से मानव मंदिर चौक, मानव मंदिर चौक से सिनेमा लाइन होते हुए हलवाई लाइन व भारत माता चौक सहित जी ई रोड में भगत सिंह चौक मुख्य मार्केट गोलबाजार, गुड़ाखू लाइन व आजाद चौक तक उक्त व्यवस्था लागू रहेगी। इन क्षेत्रों में चारपहिया वाहनो सहित ई- रिक्शा का आना - जाना बंद?कर दिया गया है। शहर के भीतर फौवारा चौक, महावीर चौक, भगत सिंह चौक, पोस्ट आफिस चौक तिरंगा चौक भारत माता चौक, गांधी चौक से 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक सभी ई-रिक्शा, आटो एवं कारों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### व्यवसायियों व नागरिकों ने जताई खुशी

बता दें कि शहर में त्यौहारी सीजन में यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन द्वारा बनाई गई नई व्यवस्था को लेकर खुशी जताई है। लोगो ने खासकर जयस्तंभ चौक में बनाए जाने वाले अघोषित मोटर सायकल पार्किंग को प्रतिबंधित किए जाने को उचित ठहराया है वहीं जयस्तंभ चौक मानव मंदिर चौक व गुड़ाखू लाइन के यातायात व्यवस्था सुधार जाने की प्रशासनिक कवायद को स्वागत योग्य कहा है। इधर एएसपी राहुल देव द्वारा कहा गया है कि दीपावली पर्व को लेकर यातायात व्यवस्था के लिए व्यापारियों व प्रशासन की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार दीपावली पर्व 31 अक्टूबर तक नए नियम लागू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए कार आटो रिक्शा को बाजार भीतर प्रवेश को निषेध कर दिया गया है वहीं सड़क किनारे बनाए गए सफेद पट्टी को पार के गाड़ी रखने वालों पर कार्रवाई की जाएगी इसके साथ-साथ अपनी दुकान के वाहन रखवाने वाले दुकानदार सहित गाड़ी वाले पर चालानी कार्रवाई की जाएगी।

## पहला कॉलम...

### पुलिस ने 18 पौव्वा अंग्रेजी शराब एवं बिक्री की रकम की जब्त

राजनांदगांव(दावा)। सुकुलदैहान चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र के आरोपी नितेश वर्मा पिता नरहर वर्मा उम्र 25 साल निवासी ग्राम डीलापहरी से 18 पौवा अंग्रेजी शराब व बिक्री की रकम 230 रुपए जब्त की है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री करने वालो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत 26 अक्टूबर शनिवार को मुखबीर से सूचना मिलने पर कि ग्राम डीलापहरी के वस्त्र भंडार मे एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा है। उक्त सूचना पर हमराह स्टॉफ एवं गवाह मय शासकीय वाहन के रवाना होकर मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर रेड कार्यवाही किया गया जिस पर आरोपी नितेश उर्फ़ नीतू वर्मा के कब्जे से 18 पौवा अंग्रेजी शराब मात्रा 3.240 बल्क लीटर कीमती 2340 रुपया एवं बिक्री रकम 230 रुपया बरामद कर आरोपी नितेश वर्मा को गिरफ्तार किया गया जुर्म जमानतीय होने तथा आरोपी द्वारा जमानतदार पेश करने पर ज़मानत मुचलका पर रिहा किया गया आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिये 22 से 31 अक्टूबर 2024 तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा प्रति माह पेंशन का भुगतान वार्डो में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह सितम्बर 2024 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 22 अक्टूबर 2024 से 31 अक्टूबर 2024 तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 28 अक्टूबर को झुलेलाल वार्ड नं. 41 के लिये सामुदायिक भवन झुलेलाल में, राजीव वार्ड नं. 42 के लिये पार्षद कार्यालय राजीव नगर में, सर्किट हाउस वार्ड नं. 43 के लिये आंगनबाडी भवन फिरंतीन मंदिर के पास में एवं गुरूघासीदास वार्ड नं. 40 व नंदई वार्ड नं. 48 के लिये सामुदायिक भवन नंदई नाका में तथा 29 अक्टूबर को रविदास वार्ड नं. 20 के लिये पेन्ड्री स्कूल में, मेडिकल कालेज वार्ड नं. 21 के लिये आंगनबाडी केन्द्र पेन्ड्री में, रेवाडीह आशा नगर वार्ड नं. 22 के लिये रेवाडीह स्कूल में, महावीर वार्ड नं. 37 के लिये गंजपारा स्कूल में, दिग्विजय वार्ड नं. 38 के लिये पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा में व हीरामोती वार्ड नं. 39 के लिये सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डो के लिये भी शिविर का आयोजन किया जायेगा। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डो में आयोजित शिविर में प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक उपस्थित होकर माह सितम्बर 2024 की पेशन का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने शिविर में लगे कर्मियों से कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन का कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देवे एवं कोई भी हितग्राही पेंशन लेने से वंचित न रहे, इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
स्त्री 2
सरकटे का आतंक
कलाकार - राजकुमार राव - श्रद्धा कपूर, अक्षय कुमार, वरूण धवन



ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
25th OCT to 30th OCT 2024
silver SCREEN



Dastaavej (C.G) - 12:15 pm
Bandaa Singh Chaudhary (Hindi) - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Vicky Vidya Ka Who Wala Video (Hindi) - 03:15, 06:15 and 09:15 pm
Venom The Last Dance (Hindi) - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# स्वच्छता के प्रति जनसमुदाय को किया गया प्रोत्साहित एवं जागरुक

## स्वच्छता त्यौहार कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम तुमड़ीबोड में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का यूनिसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया अवलोकन

राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक शनिवार को आयोजित किये जा रहे स्वच्छता त्यौहार कार्यक्रम अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम तुमड़ीबोड में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का यूनिसेफ के प्रतिनिधियों द्वारा अवलोकन किया गया। व्यवहार परिवर्तन प्रमुख यूनिसेफ के डेनिस, यूनिसेफ छत्तीसगढ़ के श्रीमती लोपामुद्रा, एसबीसी स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंह ने स्वच्छता त्यौहार अंतर्गत किए जा रहे कार्यों एवं विभिन्न गतिविधियों को देखा। स्वच्छता त्यौहार के तहत स्कूली बच्चों एवं युवोदय वॉलिंटियर्स द्वारा स्वच्छता से संबंधित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण, प्लास्टिक प्रतिबंध, यूजर चार्ज, ग्रे वॉटर प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बनाने के लिए जनसमुदाय को प्रोत्साहित एवं जागरूक किया गया।

उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता त्यौहार मनाया जा रहा है। जिसके माध्यम से स्वच्छता के कार्यों को गति मिली है और जनसामान्य में स्वच्छता के लिए जागृति भी आ रही है। इसी कड़ी में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण जिला पंचायत राजनांदगांव के जिला समन्वयक छोटेलाल साहू द्वारा जिले में चल रही गतिविधि एवं कार्ययोजना तथा प्रत्येक शनिवार को अलग-अलग थीम पर किए जा रहे स्वच्छता त्यौहार की गतिविधि जैसे ग्राम के सभी स्थानों की साफ-सफाई, बॉटल ब्रिक्स, कचरा संग्रहण, दुकानदारों के साथ अनुबंध, यूजर चार्ज, घरेलू स्तर पर गीले कचरे का निपटान, शोकपिट का निर्माण, कबाड़ से जुगाड़ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए जनसामान्य को अवगत कराया गया। इस दौरान श्रीमती निर्मला सिंह, श्रीमती भुवनेश्वरी साहू जनपद सदस्य मदन साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष द्वारा स्वच्छता के आयाम तथा प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार से ग्राम के बदलते परिवेश से अवगत कराया गया। गौरतलब है कि स्वच्छ भारत मिशन से जनसमुदाय में अभूतपूर्व व्यवहार परिवर्तन हुआ है, पहले खुले में शौच एवं घरों से निकलने वाले कचरों को गली एवं नालियों में फेंका जाता था। जिससे गांव में अत्यधिक कचरा दिखाई पड़ता था। परंतु अब गांव-गांव साफ और सुंदर दिखने लगा है।



एसबीसी स्पेशलिस्ट यूनिसेफ अभिषेक सिंह द्वारा पर्यावरण स्वच्छता के विषय में संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि हम पृथ्वी से जितना लेते हैं, उसे हमें ब्याज सहित वापस करना पड़ेगा तब हमारा पर्यावरण स्वच्छ होगा। व्यवहार परिवर्तन प्रमुख यूनिसेफ श्री डेनिस द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिला स्तर पर किए जा रहे समस्त स्वच्छता सम्बंधित कार्यों की प्रशंसा की गई। उन्होंने बताया कि यूनिसेफ बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा के लिए कार्य करती है।

कार्यक्रम के अंत में सरपंच तुमड़ीबोड़ टीकम पटेल ने स्वच्छता के लिए ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद सदस्य, श्रीमती भुनेश्वरी साहू, जनपद सदस्य श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिंह, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मदन साहू, एसबीसी स्पेशलिस्ट यूनिसेफ अभिषेक सिंह, राज्य सलाहकार यूनिसेफ चंदन कुमार, राज्य सलाहकार यूनिसेफ अभिषेक त्रिपाठी, सीईओ जनपद पंचायत डोंगरगांव नवीन कुमार, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन छोटेलाल साहू, जिला समन्वयक वर्ल्ड विजन इंडिया यूनिसेफ बसंत मारकंडे, जिला समन्वयक यूनिसेफ सुश्री दिव्या राजपूत, विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन श्रीमती मेघा कुर्रे, ग्राम पटेल अमरोतन साहू सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, हायर सेकेंडरी स्कूल के समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थी, स्वेच्छाग्राही दीदी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# जरूरतमंद बच्चों के संग 14 वर्षो से मना रहे खुशियों की दीवाली



राजनांदगांव (दावा)। जिले में स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच लगातार 14 वर्षों से जरूरतमंद बच्चों के साथ सार्थक दीवाली का आयोजन कर रहा है।

मंच के सदस्य 150 से अधिक बच्चों को नए कपड़े, फुलझड़ी और मिठाईयां वितरित कर रहे हैं। प्रदेशाध्यक्ष जीवन साहू ने बताया कि इनमें 50 से अधिक ऐसे बच्चे भी शामिल हैं, जिन्होंने अपने माता-पिता को खो दिया है और उन्हें भी विशेष सहयोग प्रदान किया जाता है.

### बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने में जुटे युवा

प्रदेशाध्यक्ष जीवन साहू और मंच के अन्य सदस्य अलग-अलग वार्डों में जाकर जरूरतमंद बच्चों को सामग्री वितरण कर रहे हैं। सभी खर्च मंच के सदस्य स्वयं वहन करते हैं। मीडिया प्रभारी रोहित देवांगन के अनुसार, इस कार्यक्रम में जीवन साहू, संजय शर्मा, रितेश यादव, एस के देवांगन, आदित्य पराते, उदित नारायण, गौरव, अभिषेक, शत्रुघन साहू, मेहुल, देवश्री चावड़ा, पंकज झा, भरत, हरीश और दिनु साहू ने प्रमुख भूमिका निभाई।

# रेवाडीह में निर्मित उराव समाज के सामुदायिक भवन का महापौर ने किया लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। वार्ड विकास की कड़ी में नगर निगम द्वारा वार्ड नं. 22 रेवाडीह में महापौर निधि अंतर्गत 05 लाख रूपये की लागत से उराव समाज के लिये भवन का निर्माण किया गया है। जिसका आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टीका का अनावरण कर लोकार्पण किया।



लोकार्पण अवसर पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि उराव समाज की मांग पर महापौर निधि से भवन का निर्माण किया गया, भवन बनने से अब विभिन्न आयोजन समाज के द्वारा स्वयं के भवन में किया जावेगा। उन्होंने कहा कि उराव समाज बहुत अच्छा समाज है, अधिकांश लोगों को इस समाज के बारे में जानकारी नहीं होगी। मेरा सौभाग्य है कि मुझे इस समाज से जुड़ने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि भवन के शेष कार्य किचन, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य कार्य के लिये आप समाज की तरफ से मांग करे, जिसकी स्वीकृति के लिये शासन को भेजा जायेगा।

समाज इसी तरह उत्रोत्तर प्रगति करें, यही भगवान से कामना करती हूँ और आप लोगों ने जो सम्मान दिया उसके लिये समाज का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। लोकार्पण के पूर्व महापौर का उराव समाज के अध्यक्ष ओस्कर बड़ा, उपाध्यक्ष श्रीमती अजीता केरकेट्टा, सचिव अंजना मंज, कोषाध्यक्ष सरिता तिर्की ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात महापौर ने विधिवत भवन का लोकार्पण किया। समाज के पदाधिकारियों ने महापौर का साल श्रीफल से सम्मान भी किया। इस अवसर पर उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

# श्रमिकों के बच्चे पढ़ेंगे बड़े स्कूलों में, तीन नई योजनाओं की होगी शुरुआत

## निर्माण श्रमिकों को मिलेगा लाभ

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के 28 लाख निर्माण श्रमिकों के लिए विष्णुदेव सरकार तीन नई योजनाओं की शुरुआत करने जा रही है। तीन नई योजनाओं का अनुमोदन शुक्रवार को श्रम मंत्री सह अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में हुई है। इस अवसर पर नवा रायपुर के मण्डल कार्यालय में आयोजित संचालक मंडल की तृतीय बैठक में लिया गया।

छत्तीसगढ़ में निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए उत्कृष्ट शिक्षा योजना की शुरुआत जाएगी। राज्य स्थापना दिवस के अवसर इस योजना की शुरूआत होगी। इसी तरह निर्माण मजदूर परिवार सशक्तिकरण योजना, पंजीकृत निर्माण श्रमिकों और उनके बच्चों को उच्च शिक्षा आईआईटी, जेईई, नीट, सीए की परीक्षा के लिए निःशुल्क कोचिंग योजना की शुरुआत होगी।



### सभी जिलों में होगी श्रम अन्न योजना की शुरूआत

छत्तीसगढ़ के 26.68 लाख निर्माणी श्रमिकों और उनके बच्चों को कौशल उन्नयन के लिए निर्माण मजदूर परिवार सशक्तिकरण योजना भी प्रारंभ की जाएगी। संचालक मंडल की बैठक में श्रम मंत्री सह अध्यक्ष लखन लाल देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की श्रमिक सम्मेलन में घोषणा अनुरूप शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना अंतर्गत सभी जिलों में योजना शुरू करने के निर्देश दिए गए। वर्तमान में 9 जिलों में कुल 33 भोजन केंद्र संचालित हैं। बोर्ड की बैठक में निर्माणी श्रमिकों और उनके परिवारों के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा।

### निर्माण श्रमिकों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण

इस बोर्ड की बैठक में निर्माणी श्रमिकों और उनके परिवारों के निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। यह परीक्षण स्वास्थ्य विभाग, ईएसआईसी से कराएं जाने का निर्णय लिया गया। इससे 26 लाख से अधिक श्रमिकों को लाभ मिलेगी।

### बिना पंजीकृत श्रमिकों के मृत्यु पर मंडल देगा 1 लाख रूपए

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु और दिव्यांग सहायता योजना के तहत बूथ पंजीकृत निर्माण श्रमिक को कार्यस्थल में दुर्घटना मृत्यु पर 5 लाख रूपए, स्थाई दिव्यांगत में ढाई लाख, सामान्य मृत्यु पर उनके वैध उत्तराधिकारी को एक लाख रूपए की राशि दी जाती है, लेकिन अपंजीकृत निर्माण श्रमिकों को मृत्यु उपरांत राशि देना का प्रावधान नहीं है। इस बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया कि, ऐसे श्रमिक की कार्यस्थल पर अगर मृत्यु होती है तो उनके परिवार को एक लाख की सहायता राशि दी जाएगी। 21 अक्टूबर को जिला महासमुन्द के श्रमिक परमानंद ध्रुव की ऊंचाई से गिरने से उसकी मौत हो गई थी। मृतक श्रमिक अपंजीकृत श्रमिक है। इस बोर्ड की बैठक में मृतक की पत्नी को एक लाख रूपए सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में श्रम विभाग की सचिव अलरमेल मंगई डी, वित्त विभाग की विशेष सचिव शीतल वर्मा, बीओसी की सचिव सविता मिश्रा, मुख्य निरीक्षक सह श्रमायुक्त एसएस पैकरा सहित अन्य उपस्थित रहे थे।

किराये से देना है
कंचनबाग में सर्वसुविधायुक्त दो मंजिला भवन आफिस के लिये किराये से देना है। 3 बेडरुम, किचन, 3 हाल अटैच लेटबाथ गार्डन सहित पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। किराये से देना है।
-: संपर्क करें :-
मो. 8319936007

# दीपावली में आकाश में दनादन फुटेंगे कोरोना, दशमुख रावण व ड्रोन फटाके

राजनांदगांव (दावा)। रौशनी का पर्व दिपावली को लेकर शहर का बाजार सजा हुआ है इसी तरह देर से ही सहीं पर म्यूनिसिपल स्कूल मैदान में भी पटाखा की दुकानें सज गई है और धड़ल्ले से बिक्री भी होना शुरू हो गया है।

बता दें कि वैश्विक महामारी कोरोना से लोग इतने भयभीत व आतंकित थे कि लोग उसका देश और दुनिया से समूल नाश चाहते थे, आज चार साल बाद लोग उक्त कोरोना को इस बार दिवाली के अवसर पर लोग बम फटाके के रुप में फोड़कर अपने मन का भड़ास निकालेंगे। त्रेता युग में आतंक का पर्याय रहे राक्षस राज रावण को दशहरे के समय धूं-धूकर जलाया गया। अब उक्त दशमुंडी वाले रावण का बम फटाका फोड़कर दीपावली में एक बार फिर आसुरी शक्तियों का विरोध करते नजर आएंगे।

इस बार पटाखों के नए आइटम में ड्रोन फटाके भी आकाश में धमाके की आवाज के साथ अपनी रंगत बिखेरते हुए दिखाई पड़ेंगे। उपरोक्त सभी बम फटाके आसमान में जाकर धमाका करते हुए अपन रंगीन जलवा बिखेरेंगे

**0 म्युनिसिपल ग्राउंड में सजी 88 फटाका दुकानें, ग्राहकों की उमड़ रही भीड़**
**0 अनहोनी होने पर अग्नि शमन,पानी, रेत आदि की व्यवस्था नहीं सशंकित बने हुए है लोग**



साथ ही अपने आतिशबाजी करामात से लोगों का मन बहलाते हुए नजर आएंगे। इन बम पटाखों की कीमत कमोबेशी रुप में 250/ रुपए बताई जा रही है।

म्युनिसिपल स्कूल मैदान में सजे श्री जलाराम फटाका दुकान में, कोरोना बम फटाके से लेकर दशमुख वाले रावण, ड्रोन फटाके किफायती रेट में बिक रहे हैं। म्युनिसिपल ग्राउंड में सजे 88 फटाका दुकानों में श्री जलाराम सहित राजा फायर्स, कृष्णा फटाका, ओम सांई फटाका, अजंता फटाका, श्री महाकाल फटाका, छत्तीसगढ़ फटाका सहित अन्य फटाका दुकान वाले ग्राहकों को लुभाते हुए नजर आ रहे हैं।

'दावा' प्रतिनिधि ने आज इन फटाका दुकानों का धूम-धूमकर जायजा लिया। पाया कि नगर निगम द्वारा म्युनिसिपल ग्राउंड में 88 की संख्या में पटाखा दुकान एलाट तो कर दिया गया है लेकिन किसी प्रकार की अनहोनी होने पर पटाखा स्थल पर अग्निशमन, पानी, रेत आदि की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके चलते पटाखा दुकान वालों सहित पटाखा खरीदने वाले ग्राहक भी सशंकित बने हुए हैं। इधर पटाखा विक्रेताओं का कहना है कि आबंटन में विलंब के कारण थोड़ी परेशानी जरुर हुई लेकिन उम्मीद की जा रही है कि इस बार पटाखा का कारोबार बेहतर रहेगा।

### ग्राहकों को लुभा रही पटाकों की नई व्हेराइटियां

बता दें कि दीपावली के लिए जिले में पटाखा बाजार सजकर तैयार है। जिले में 586 व्यवसायियों ने पटाखे का व्यापार करने लायसेंस लिया है। इसके अलावा शहर में ऐसे भी पटाखा व्यवसायी हैं जो एमपी, यूपी के लायसेंस में शहर में पटाखों का बड़ा कारोबार कर रहे हैं। शहर के पार्टी नाला, सुरगी मनकी, बापूटोला रोड, गठुला रोड के अलावा टेड़ेसरा क्षेत्र के इन थोक फटाका भंडार में पटाखों की जमकर बिक्री हो रही है।

शहर में म्युनिसिपल स्कूल ग्राउंड में लगे 88 की संख्या में फटाका दुकानों में इस बार नई व्हेराइटी वाले पटाखों की रेंज है। इसमें नई व्हेराइटी में कोरोना पटाखा से लेकर रावण की दशमुंडी वा वा पटाखा, ड्रोन पटाखा, चिंपाजी पटाखा, मुर्गा, मोर, व बच्चों के लिए मुर्गा, मोर, तितली,बुग- बुग लाइटिंग वाले पटाखों लोगों को लुभा रहे हैं

श्री जलाराम पटाखा के जयंती भाई सोनी ने बताया कि इस बार पटाखा के दाम बढ़े नहीं है। नई व्हेराइटी वाले फटाकों के दाम में में जरूर कुछ वृद्धि हुई है। दुकान में ग्राहकों से मुखातिब हो रहे दीपक सोनी ने बताया कि रावण का दशमुंडी वाला बम फटाका अपने दशमुखों से तेज रौशनी फैकते हुए आसमान में धमाके की आवाज के साथ फूटता है। इसी तरह कोरोना बम भी अपने नुकीले क्राउंन से अग्नि उगलते हुए धमाके के साथ फूट पड़ता है। इनकी कीमत 250 रुपए के आसपास बताई। वहीं 10 की संख्या के पैकेट वाली बड़ा बम 140 रुपए, बुलेट बम, कीटकेट आदि बम प्रति नग 50 रुपए, बुगबुग की रंग रौशनी वाले लाइट 80 रुपए तथा तितली वाले लाइट की कीमत 100 रुपए बताया। वहीं बच्चों के लिए सुरसुरी 20 रुपए पैकेट से लेकर 30 व 40 रुपए पैकेट बताया। इसके अलावा टीकरी फटाका, छोटे बम, चकरी फटाका, लड़ी फटाका आदि की भी अच्छी मांग बनी हुई है।

म्युनिसिपल स्कूल मैदान में सजे इन पटाखों की दुकानों में ग्राहकी बढ़ती जा रही है। लोग अपने परिवार वालों के साथ पटाखा खरीदने पहुंच रहे फटाका दुकानों में अपने मनपसंद के फटाके खरीद रहे हैं वहीं बच्चों को लुभाने वाले कम आवाज की फटाके सहित टिकली फटाके सहित सुरसुरी, चकरी, अनार दाने, हवाई जहाज आदि पटाखे खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं।

दीपावली, धनतेरस पर्व पर पटाखों की विक्री और भी बढ़ जाएगी। इसे देखते हुए पटाखा व्यवस्था बेहतर व्यवसाय की उम्मीद लगाए हुए हैं।

# भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य बने कमल सोनी



रेफरल कोड से बनें 223 सदस्य

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 02 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रथम सदस्यता दिलाई गई और उसी के साथ 03 सितंबर को पूरे देश में महा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पहले चीन की कम्युनिस्ट पार्टी देश की सबसे ज्यादा सदस्य वाली पार्टी होती थी। लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें भाजपा के 11 करोड़ सदस्य बने और दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई। पार्टी का काम सिर्फ सदस्य बनाना नहीं है। उनको पार्टी के विचारों से जोड़ना है और उनको केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी देना है।

इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी संगठन के द्वारा सक्रिय सदस्य बनने के लिए 50 सदस्य बनाना अनिवार्य किया है। जिसमें कमल सोनी शक्ति केंद्र प्रभारी ने 223 सदस्य बनाकर लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्य बने हैं। 27 अक्टूबर 2024 को दक्षिण मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी के समक्ष भाजपा सदस्यता अभियान में 223 सदस्य बनाकर सक्रिय सदस्यता हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया। साथ में सक्रिय सदस्य अभियान के प्रभारी अशोकादित्य श्रीवास्तव, तरुण लहरवानी मंडल अध्यक्ष, पुरुषोत्तम गांधी, विनोद श्रीरंगे साथ में उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार की नाकामी से कानून व्यवस्था चरमराई: कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। बलरामपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा एवं पुलिस प्रताड़ना से युवक गुरुचरण मंडल की हुई मौत व प्रदेश में लगातार बढ़ रही अपराधिक गतिविधियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा सरकार की लचर कानून व्यवस्था को लेकर 27 अक्टूबर रविवार को महावीर चौक पर मुख्यमंत्री व गृहमंत्री का फूंका पुतला।

छत्तीसगढ़ प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है, प्रदेश अराजकता की स्थिति बन रही है, पुलिस अभिरक्षा में युवक गुरुचरण मंडल का पुलिस की प्रताड़ना से हुई मौत को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में महावीर चौक पर 27 अक्टूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि बलरामपुर में जिस प्रकार की घटना हुई वह बड़े ही शर्मनाक बात है। 10 माह में ही इस भाजपा सरकार से आम जनमानस भयभीत व डरे सहमे हुए है। पहले बालौदा बाजार में आक्रोशित भीड़ व असामाजिक तत्वों ने जिला कार्यालय को फूका डाला था। जिसमें सरकार का खुफिया विभाग असफल साबित हुआ। क्रमशा इसके बाद कवर्धा में लोहारीडीह कांड में पुलिस अभिरक्षा में एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है तथा आपराधिक घटनायें


बलरामपुर में पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत पर सीएम व गृहमंत्री का फूंका पुतला, दोषियों पर कार्यवाही को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

रोक पाना सरकार के बस की बात नहीं है। सरकार प्रदेशवासियों को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। पूरे प्रदेश में भय, आतंक का माहौल बना हुआ है। लूट, डकैती लगातार बढ़ रही है जिससे पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बद से बदहाल हो गई है। कांग्रेस पार्टी लगातार भाजपा सरकार के नाकामी को उजागर करने के लिए विभिन्न माध्यमों से धरना-प्रदर्शन, छत्तीसगढ़ बंद के द्वारा कानून व्यवस्था की स्थिति को सुधार करने के लिए प्रदेश भाजपा सरकार के उपर आक्रमक रूप अख्तियार करके लगातार विरोध कर रही है। लेकिन भाजपा के मुख्यमंत्री प्रशासन के कान में जू तक नहीं रेंगते। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री इस्तीफा दें और गृह मंत्री को बर्खास्त किया जाए।

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने प्रदेश की भाजपा पर निंदा करते हुए कहा कि भाजपा सरकार के राज में प्रदेश में चारों ओर अराजकता फैली हुई है। सरकार चलाने वाले कानून व्यवस्था को नहीं संभाल पा रहे है। जनता सरकार की क्षमता और पुलिस की दुर्भावनापूर्वक कार्यवाहियों के खिलाफ विद्रोह पर उतर आई है। आज बलरामपुर जिले में फिर एक और घटना पुलिस अभिरक्षा एवं पुलिस प्रताड़ना से एक और मौत हो गयी। जिसके कारण पूरे प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ माहौल देखने को मिल रहा है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। प्रदेश में अराजकता की स्थिति, महिलाओं के प्रति अपराध में वृद्धि, लूट डकैती व हत्या के मामले में बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेस कमेटी द्वारा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने व बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाये जाने तथा पुलिस प्रताड़ना से हुई मौत के दोषियों पर कार्यवाही कर न्याय की मांग करते है।

पुतला दहन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, पीसीसी प्रवक्ता रूपेश दुबे, पीसीसी महासचिव थानेश्वर पाटिला, चुम्मन साहू, तथागत पांडेय, महामंत्री झम्मन देवांगन, हनी ग्रेवाल, ब्लॉक अध्यक्षद्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, शरद खंडेलवाल, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष शकील रिजवी, खेलकूद प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनीष गौतम, शशांक राजपूत, मयंक सोनी, राजा यादव, शैलेष ठावरे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पुलिस ने गुम हुए 66 नग मोबाईल को वापिस लौटाया गया: कोतवाली थाना पुलिस की प्रशंसा

**गुम मोबाइल पाने वाले प्रार्थियों के चेहरे पर खुशी, कोतवाली थाना पुलिस की हुई प्रशंसा**





राजनांदगांव (दावा)। जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा शहर सहित जिले भर में कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में गुम मोबाइल के पता साजी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत 66 नग विभिन्न कंपनियों के मोबाइल को उनके प्रार्थियों को लौटाया गया। इससे गुम मोबाइल के प्रार्थियों के चेहरे में खुशी दिखी और उन लोगों ने थाना कोतवाली पुलिस की प्रशंसा की है। बता दें कि इस संबंध मे पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा संवेदना कक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक आयोजन कर सभी मोबाईलों को प्रार्थीगणों को सुपूर्द किया गया।

बताते चलें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा गुम मोबाईल के पतासाजी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत 66 नग विभिन्न कंपनियों के गुम मोबाईल कीमत लगभग 08 लाख रूपये को थाना सिटी कोतवाली पुलिस राजनांदगांव द्वारा ढुंढ कर बरामद किया गया। जिसे पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा रविवार 27 अक्टूबर को संवेदना कक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थीगणों को सुपूर्द किया गया है। इस दौरान पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू एवं कार्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

प्रार्थीगणों को उनके गुम मोबाईल मिल जाने से जिला राजनांदगाव पुलिस एवं थाना कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्यवाही की प्रशंसा कर धन्यवाद दिया गया।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने कहा कि उनके थाना क्षेत्र में आगे भी गुम मोबाईल की पतासाजी जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक कोतवाली थाना प्रभारी श्री साहू सहित सीसीटीएनएस महिला आरक्षक रानू दुबे, सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति एवं आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा, प्रदीप जायसवाल की सराहनीय भूमिका रही।

# इंदिरा नगर नाले की समस्या को लेकर पार्षद राजेश गुप्ता चंपू कलेक्टर को आज सौंपेंगे ज्ञापन

**0 मांगों को पूर्ण करने निगम प्रशासन के द्वारा लिखित में दिए गए सप्ताह भर का समय खत्म**
**0 निगम प्रशासन द्वारा लिखित में दिए अश्वासन के दो माह पूर्ण**



राजनांदगांव (दावा)। इंदिरा नगर वार्ड नं.41 श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या नाला है,जहां के रहवासियों को बरसात में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा बारिश का पानी घरों में पानी घुस जाने से अनेक जहरीले जीव जंतुओं से चुनौती से दो चार होना पड़ता है तथा हमेशा महिलाओं-बाल बच्चों में भय का वातावरण बना रहता है।

इंदिरा नगर के वाशिंदों की समास्या के निदान के लिए विगत दो माह पूर्व क्षेत्रीय पार्षद राजेश गुप्ता 'चंपू' ने इंदिरा नगर स्थित नाला चौड़ीकरण गहरीकरण व नाले के उपर रसूखदार लोगों के द्वारा नाले के उपर एवं नाले के आसपास अवैध कब्जा हटाने नाला निर्माण हुये वृहद स्तर पर हुये भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर 31 जुलाई दिन बुधवार को धरना प्रदर्शन करते हुए ईमाम चौक (महावीर चौक) स्थित हनुमानजी मंदिर के सामने फ्लाईओवर के नीचे भारी बारिश के बीच वार्डवासियों की मौजूदगी आमरण अनशन शुरू किया गया था। जिसके तारतम्य में आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा 31 जुलाई दिन बुधवार को ही गोधूलि बेला में आमरण अनशन स्थल पर लिखित में पत्र सौंपा गया था कि उक्त मांगो को हर हाल में बारिश खत्म होने के पश्चात सप्ताह भर के भीतर पूर्ण कर दी जायेगी और इस पत्र का निगम के संदेश वाहक कर्मी द्वारा स्थल पर ही माईक से वाचन किया गया।

उक्त शासकीय पत्र के पठन के पश्चात वार्ड के लोगों से रजामंदी के बाद आमरण अनशन को स्थागित कर दी गई थी।परंतु दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा मांगो को पूर्ण करने लिखित में आश्वस्त करने के बावजूद आज दिनांक तक इंदिरा नगर नाले को देखने की जहमत नहीं उठाई गई।और बड़े ही अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि इस मामले को पूर्ण करने के लिए आम जनता के साथ सड़क की लड़ाई धरना प्रदर्शन करने पर राजनीतिक द्वशवस मुझ पर अनेक आरोप लगाकर उलझाने का काम किया गया ताकि नाले निर्माण कार्य में हुए वृहद स्तर पर हुए भ्रष्टाचार सामने आने ना पाये।जनहित में पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने कहा कि मेरा एक- एक खून का कतरा इंदिरा नगर के मतदाताओं के लिए समर्पित है।जनता का आशीर्वाद मेरे सर के उपर है,तथ मुझे ईश्वर के उपर पूर्ण विश्वास है और यही विश्वास एवं भरोसा के बदोलत मैं इंदिरा नगर के हर समास्याओं एवं दुखः सुख में खड़ा रहूंगा, भले ही मुझे मेरे विरोधी जेल भिजवाने के लिए षड़यंत्र रचते रहे सच तो सच रहेगा। जब तक शरीर में प्राण है इंदिरा नगर वासियों की सेवा का प्रयास सतत् जारी रहेगा। जनहित के उक्त मांगो को पूर्ण करने आज दिनांक 28/10/2024 दिन सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# डुप्लीकेट होलोग्राम नोएडा से रायपुर भेजने वाला प्रिज्म कंपनी का अकाउटेंट गिरफ्तार

रायपुर। छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला मामले में आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो डुप्लीकेट होलोग्राम नोएडा से रायपुर भेजने वाले सुनील दत्त को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी प्रिज्म होलोग्राफी सिक्योरिटी फिल्म्स प्रालिमि के अकाउंटेंट है। शनिवार को कोर्ट में पेश कर 28 तक आरोपी को रिमांड में लिया गया है।

एसीबी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उसके द्वारा वर्ष 2019 से 2022 के बीच प्रिज्म कंपनी के नोएडा स्थित मुख्यालय में डुप्लीकेट होलोग्राम का लेखा-जोखा रखा जाता था। असली होलोग्राम के साथ गलत तरीके से डुप्लीकेट होलोग्राम का परिवहन नोएडा से रायपुर करवाया जाता था।

**छत्तीसगढ़ शराब घोटाला**

पूर्व में जब्त परिवहन में उपयोग में आने वाले इंवाईस, जिसमें डुप्लीकेट होलोग्राम की संख्या एवं अन्य विवरण होते थे। उस पर सुनील दत्त के हस्ताक्षर भी होते थे। सिंडिकेट के मुख्य आरोपित पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी के संलिप्तता में प्रिज्म होलोग्राफी के मालिक विधु गुप्ता द्वारा फर्जी होलोग्राम छत्तीसगढ़ स्थित डिस्टलरियों को उपलब्ध कराए गए थे।

चार महीने पहले डुप्लीकेट होलोग्राम सप्लाई करने वाले प्रिज्म होलोग्राफी कंपनी के स्टेट हेड दिलीप पांडेय को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान जानकारी मिली कि नवा रायपुर के जीएसटी भवन आफिस के भूतल-कक्ष में होलोग्राम प्रिंटिंग होते थे।

जांच के बाद आरोपी सुनील दत्त का नाम सामने आया था। जिसे गिरफ्तार किया गया। वहीं अनवर ढेबर के धनेली स्थित खेत में जेसीबी से खुदावाई गई थी। इस दौरान बड़ी मात्रा में नकली होलोग्राम के कई रोल जब्त किए थे। सभी अधजली हालत में थे। जांच शुरू होने के बाद साक्ष्य छिपाने के लिए जलाकर जमीन में गाड़ दिया गया था।

कोयला घोटाला मामले में सूर्यकांत तिवारी सहित चार आरोपियों की नार्को टेस्ट की याचिका शनिवार को एसीबी की विशेष न्यायालय ने खारिज कर दी है। ईओडब्ल्यू ने कोर्ट में आवेदन लगाया था कि सूर्यकांत सहित घोटाले में शामिल अन्य आरोपियों द्वारा सच छिपाया जा रहा है।

सच जानने के लिए आरोपियों का नार्को टेस्ट कराने कोर्ट में आवेदन पेश किया था। इससे पूर्व आरोपियों की ओर से कोर्ट में आवेदन देकर नार्को टेस्ट देने से इन्कार किया गया था। ईओडब्ल्यू ने सूर्यकांत के भाई रजनीकांत तिवारी, सहयोगी निखिल चंद्राकर और कस्टम मीलिंग (चावल) घोटाले के आरोपित रोशन चंद्राकर का नार्को टेस्ट करने आवेदन लगाया था।

# मिहुल मेश्राम ने राष्ट्रीय डिफेंडो चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक




राजनांदगांव (दावा)। भारतीय डिफेंडो एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय डिफेंडो चैंपियनशिप मडगांव गोवा में 13 से 15 अक्टूबर तक आयोजित हुआ। इस आयोजन में राजनांदगांव के लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री राजशेखर मेश्राम के पुत्र मिहुल मेश्राम ने स्वर्ण पदक जीत कर नाम कमाया है।

नीरज पब्लिक स्कूल के होंनहार विद्यार्थी मिहुल मेश्राम सहित उनके सह प्रतिभागी गण कोच निसार अब्बास के मार्गदर्शन में हिस्सा लिया। उनका चयन इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ टीम में हुआ था। उनकी इस उपलब्धि पर नीरज पब्लिक स्कूल के क्रेडा विभाग एवं शाला निदेशक मंडल प्राचार्य भारती गौते समेत समस्त शाला परिवार ने शुभकामनाएं दी है।

# जनता कालोनी में कम पानी आने की शिकायत, आयुक्त सुबह पहुचे अधिकारियों के साथ




**पाईप लाईन चेक करने तथा कंचनबाग टंकी पूरा भरने पश्चात सप्लाई के निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। लखोली के कई क्षेत्रों में पानी नही आने व कम पानी आने की शिकायत प्राप्त हो रही थी, जिसका निरीक्षण करने निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज सुबह अधिकारियों के साथ कंचनबाग, जनता कालोनी में पैदल भ्रमण कर लोगों से रूबरू हो पानी सप्लाई के संबंध में चर्चा किये तथा अधिकारियों को व्यवस्था दुरूस्त करने निर्देश दिये।

लखोली क्षेत्र के जनता कालोनी तथा आस पास कम पानी आने की प्राप्त शिकायत के आधार पर आयुक् श्री गुप्ता ने क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से जानकारी ली, लोगों ने कहा कि जनता कालोनी ठीक से पानी नहीं आ रहा है, आयुक्त ने उनकी बातों को सुन, पार्षद श्री मनीष साहू व श्री गप्पू सोनकर से चर्चा कर कंचन बाग टंकी का निरीक्षण कर कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से कहा कि पानी नही आने व कम आने के कारणों की जॉच करे, टंकी पूरी भरने के पश्चात पानी सप्लाई करे, वाल्वमेन को चेतावनी देने कहा। उन्होंने कहा कि जिन जिन क्षेत्रों में पानी की समस्या है, वहॉ पाईप लाईन की जॉच कर निराकरण करे। उन्होंने टाका घर पहुच जल विभाग सहित मोटर विद्युत के कर्मचारियों की जानकारी ली तथा प्रभारी से कहा कि सभी कर्मचारी समय में उपस्थित होकर फिल्ड में जावे और शिकायतो का प्राथमिकता से निराकरण करे।

आयुक्त ने लखोली क्षेत्र में साफ सफाई का जायजा लेकर स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से कहा कि श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में संक्रामक बिमारी फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुये पर्याप्त साफ सफाई कराया जावे, दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखकर सभी कर्मचारी उपस्थित रहे और निर्धारित समय तक साफ सफाई करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू सहित जल व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

## अनमोल दावा

> **केवल दिखने में सुंदर होना उपयोगी नहीं है, व्यक्ति को मन और सोच से भी सुंदर होना चाहिए।**

# चीन की आर्थिक चुनौती से भी सतर्क रहे भारत, दोनों देशों के बीच तनाव दूर होना स्वागत योग्य

इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि गलवन की घटना के बाद चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की तमाम बातों के बाद भी भारतीय कारोबारी चीनी कारोबारियों का सामना करने की स्थिति में नहीं आ पाए। आज शायद ही कोई भारतीय उदयोग ऐसा हो जिसकी निर्भरता चीन से आयात होने वाले कलपुर्जों या अन्य उत्पादों पर न हो। चार वर्ष पहले जब चीनी सेना ने लद्दाख में गलवन घाटी में घुसपैठ की थी तो उसकी भारतीय सैनिकों से खूनी झड़प हुई थी। इस झड़प में 20 भारतीय सैनिक बलिदान हुए थे और चीनी सेना को भी अच्छी-खासी क्षति उठानी पड़ी थी। यह बात और है कि चीन ने यह नहीं बताया कि उसके कितने जवान भारतीय सैनिकों के हाथों मारे गए। इस घटना के बाद चीन और भारत के संबंध पटरी से उतर गए। कुछ समय बाद गलवन घाटी और आसपास तो पहली जैसी स्थिति बहाल हो गई थी, लेकिन चीनी सेना ने लद्दाख में ही अन्य स्थानों और विशेष रूप से देपसांग और डेमचोक में अतिक्रमणकारी रवैया अपना लिया। इसी कारण चीन जाने वाली अपनी विमान सेवाओं को बंद कर करने के साथ उसके खिलाफ जो अन्य कदम उठाए गए, उन्हें वापस लेने के लिए भारत तैयार नहीं हुआ। इन कदमों में चीनी निवेश पर रोक लगाना और चीनी कारोबारियों को वीजा देने के नियम सख्त करना भी था।सीमा पर तनाव के चलते भारत और चीन में आर्थिक-व्यापारिक सहयोग की पहल भी ठंडे बस्ते में चली गई। जहां भारत का जोर इस पर था कि सीमा पर चार वर्ष पहले वाली स्थिति बहाल की जाए, वहीं चीन का आग्रह था कि सीमा विवाद भूलकर आगे बढ़ा जाए। यह चीन की चालाकी थी। भारत ने उसकी चालबाजी को समझा और अपने रवैये से टस से मस नहीं हुआ। इसी के चलते पिछले दिनों ब्रिक्स सम्मेलन के पहले चीन नियंत्रण रेखा पर चार वर्ष पहले वाली स्थिति बहाल करने को राजी हुआ और दोनों देशों में इसे लेकर सहमति बनने की खबर आई-पहले भारत की ओर से, फिर चीन की ओर से। इस सहमति के कारण ही रूस में भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों बाद द्विपक्षीय वार्ता हुई, जिसमें सीमा पर यथास्थिति कायम रखने पर बल दिया गया। भारत-चीन में बनी सहमति को लागू करने के लिए दोनों देश मिलकर काम कर रहे हैं। आशा है कि इसी माह के अंत तक यथास्थिति बहाल हो जाएगी।

भारत और चीन में सैन्य तनाव घटाने को लेकर जो सहमति बनी, उसे लेकर किस स्तर पर क्या बात हुई, यह तो शायद ही कभी सामने आए, लेकिन दोनों देशों के बीच तनाव दूर होना स्वागतयोग्य है। इसके बाद भी बहुत अधिक उत्साहित नहीं हुआ जा सकता, क्योंकि चीन अपने विस्तारवादी एजेंडे के तहत रह-रहकर नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति में बदलाव की कोशिश करता रहता है। अभी यह नहीं कहा जा सकता कि वह आगे भारत को तंग करने के प्रयास नहीं करेगा। इस पर हैरानी नहीं कि सैन्य तनाव घटाने को लेकर सहमति बनने के बाद देश में यह स्वर आम है कि चीन से सावधान रहा जाना चाहिए। यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि नियंत्रण रेखा पर चीन इसलिए पीछे हटने को तैयार हुआ, क्योंकि उसे अपने आर्थिक हितों की रक्षा करने में कठिनाई पेश आ रही थी। चीनी कारोबारियों को भारत में निवेश करने में समस्या तो हो ही रही थी, चीन इससे भी चिंतित था कि भारत उसके विस्तारवादी एजेंडे के खिलाफ पश्चिमी देशों का सहयोग ले रहा है और उसके यहां से होने वाले आयात को कम करने की कोशिश भी कर रहा है। भारत यह कोशिश अवश्य कर रहा था, लेकिन वह उसमें बहुत सफल नहीं हो पा रहा था। तमाम उपायों के बाद भी चीन से होने वाले आयात में कमी नहीं आ पा रही थी। भारत से चीन को होने वाले निर्यात में भी कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो पा रही थी। इसके अलावा कारोबार जगत में यह महसूस किया जा रहा था कि भारतीय उद्योगों को आगे बढ़ने के लिए चीनी निवेश का सहारा चाहिए। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि गलवन की घटना के बाद चीनी वस्तुओं का बहिष्कार करने और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की तमाम बातों के बाद भी भारतीय कारोबारी चीनी कारोबारियों का सामना करने की स्थिति में नहीं आ पाए। आज शायद ही कोई भारतीय उदयोग ऐसा हो, जिसकी निर्भरता चीन से आयात होने वाले कलपुर्जों या अन्य उत्पादों पर न हो। चीन भारत के कारोबारियों की जरूरत की प्रत्येक सामग्री उपलब्ध कराने में जिस आसानी से सक्षम है, उतनी सक्षमता अन्य किसी देश में नहीं। इसी कारण भारतीय कारोबारियों को चीन पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इस निर्भरता का संज्ञान भारत सरकार के अर्थशास्त्रियों ने भी लिया और पिछले आर्थिक सर्वे में यह कहा गया कि भारत को चीन से आयात बढ़ाए बिना चीनी निवेश के लिए अपने दरवाजे खोलने चाहिए। इस सर्वे के अनुसार ऐसा करके भारत ग्लोबल सप्लाई चेन में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। आज यदि चीन ग्लोबल सप्लाई चेन का केंद्र है तो इसीलिए कि उसके कारोबारी अपने उत्पादों की गुणवत्ता विश्वस्तरीय बनाने में सक्षम हो गए हैं। भारत को ग्लोबल सप्लाई चेन का हिस्सा बनने की जरूरत है। इसके लिए चीनी निवेश की मदद ली जा सकती है, लेकिन इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि चीनी वस्तुओं के आयात के कारण चीन के साथ व्यापार घाटा और न बढ़ने पाए। सीमा पर सैन्य तनाव दूर होने के बाद चीन के साथ संबंध सामान्य करने के नाम पर ऐसा कुछ नहीं होना चाहिए, जिससे वह अपने आर्थिक-व्यापारिक एजेंडे को पूरा करने में समर्थ हो जाए।

# दिवाली और छठ में रेलवे स्टेशनों पर भगदड़ को रोकना मुश्किल क्यों?

**चंदन कुमार जजवाड़े**



भारत में दिवाली और छठ के त्योहार के लिए घर जाने वालों की भीड़ एक बार फिर से रेलवे स्टेशनों पर देखी जा रही है.इसी भीड़ के बीच देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई के बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 9 लोग घायल हो गए हैं. रविवार तड़के हुई इस भगदड़ में दो लोगों को गंभीर चोटें आई हैं.रेल मंत्रालय के एग्ज़क्यूटिव डायरेक्टर (इनफ़ॉर्मेशन एंड पब्लिसिटी) दिलीप कुमार ने बीबीसी को बताया है कि यह हादसा उस वक़्त हुआ जब मुंबई से गोरखपुर जाने वाली 22921 अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन यार्ड से प्लेटफॉर्म पर लगाई जा रही थी.

उन्होंने बताया है, ट्रेन अभी प्लेटफॉर्म पर लगी ही थी और लोग चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है. स्टेशनों पर भीड़ को देखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने मुसाफ़िरों से आग्रह किया है कि वो धैर्य के साथ ट्रेनों का इंतज़ार करें और ट्रेनों में बैठें क्योंकि उन्हें इसके लिए काफ़ी समय दिया गया है.वेस्टर्न रेलवे के प्रवक्ता विनीत अभिषेक ने बताया है कि त्योहारों के मौसम में ट्रेनों को रवाना होने से दो-तीन घंटे पहले ही प्लेटफॉर्म पर लगा दिया जाता है, ताकि लोगों को ट्रेन में बैठने के लिए पर्याप्त समय मिल सके.

भारत में हर रोज़ क़रीब ढाई करोड़ मुसाफ़िर ट्रेनों में सफर करते हैं. इसमें सबसे बड़ी तादाद मुंबई में चलने वाली उपनगरीय ट्रेनों के मुसाफ़िरों की होती है.लेकिन त्योहारों के दौरान लंबी दूरी की ट्रेनों में सीट या बर्थ की मांग काफ़ी ज़्यादा बढ़ जाती है. रेलवे यूनियन एआईआरएफ़ के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा कहते हैं, ऐसा नहीं है कि रेलवे भीड़ को संभाल नहीं सकता है. मुझे लगता है कि रेल अधिकारी भीड़ का आकलन नहीं कर पाए और मुसाफ़िरों की भीड़ उनकी उम्मीद से ज़्यादा थी.भारत में त्योहरों के दौरान ट्रेनों की मांग इतनी ज़्यादा बढ़ जाती है कि बड़ी संख्या में मुसाफ़िर हज़ारों किलोमीटर का सफर बैठे बैठे भी तय करने के लिए मजबूर होते हैं.

कई बार ट्रेनों में बैठने के लिए भी सीट नहीं मिल पाती है. ट्रेनों में ऐसी भीड़ की तस्वीर अक्सर सोशल मीडिया पर भी लोग साझा करते हुए देखे जाते हैं.ख़ासकर दिल्ली, पंजाब, मुंबई, गुजरात और भारत के दक्षिणी राज्यों से पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और इसके आसपास के इलाकों की तरफ जाने वाली ट्रेनों में यह मांग ज़्यादा होती है.इस वक़्त त्योहारों के दौरान भी भारत के बड़े रेलवे स्टेशनों पर मुसाफ़िरों की बड़ी भीड़ देखी जा रही है और इस भीड़ से निपटने के लिए रेलवे की तरफ से कई उपाय करने के दावे भी किए जा रहे हैं, जिनमें स्पेशल ट्रेनें चलाना भी शामिल है.

रेलवे की रेगुलर ट्रेनों में रिज़र्वेशन दो महीने पहले से ही कराए जा सकते हैं. कुछ दिन पहले एडवांस रिज़र्वेशन पीरियड को चार महीने के घटाकर दो महीने किया गया है.आमतौर पर रेलवे हर साल स्पेशल ट्रेनें चलाता है, भले ही उनकी संख्या कम या ज़्यादा हो सकती है. लेकिन आमतौर पर देखा जाता है कि लोग स्पेशल ट्रेनों में सफर को बहुत पसंद नहीं करते हैं या उनकी प्राथमिकता में ऐसी ट्रेनें नहीं होती हैं.स्पेशल ट्रेनों के साथ एक अन्य समस्या यह भी है कि हर साल ऐसी ट्रेनों की घोषणा आमतौर पर काफ़ी देरी से की जाती है.पश्चिम रेलवे की वेबसाइट के मुताबिक़ भी ऐसी ट्रेनों के चलाने की जानकारी सितंबर महीने में दी गई है.अंतिम समय में ट्रेनों के चलने की जानकारी की वजह से लोग पहले से ट्रेनों में टिकट नहीं ले पाते हैं और उन्हें जिन ट्रेनों के बारे में पहले से पता होता है, उन ट्रेनों के लिए मुसाफिरों की भारी भीड़ देखी जाती है.रेलवे बोर्ड के पूर्व सदस्य (ट्रैफ़िक) श्रीप्रकाश कहते हैं, च्एक तो स्पेशल ट्रेनों का किराया ज़्यादा कर दिया गया है और दूसरी बात यह कि उन ट्रेनों के समय पर चलने और मंज़िल पर पहुँचने पर हमेशा सवाल बना रहता है. इसलिए लोग स्पेशल ट्रेनों से ज़्यादा नियमित चलने वाली ट्रेनों को पसंद करते हैं.ज्रविवार को मुंबई में जिस ट्रेन में सीट पाने के लिए भगदड़ हुई है, वह भी एक नियमित ट्रेन है.

यह एक अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन थी जो एक अनारक्षित श्रेणी की ट्रेन है, यानी इसमें केवल बैठने के लिए सामान्य दर्जे की सीट होती है.अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन में मुसाफ़िर बैठे-बैठे कई घंटों में हज़ार किलोमीटर की दूरी तय करते हैं, इस ट्रेन में सोने के लिए बर्थ नहीं होती है.श्रीप्रकाश इस मुद्दे पर एक सलाह देते हैं, लोग जिस ट्रेन में टिकट चाहते हैं, उन्हें पहले से ही शर्तों के साथ उसी ट्रेन की कन्फ़र्म टिकट दे देनी चाहिए और यात्रा के दिन मूल ट्रेन के ठीक बाद डुप्लिकेट ट्रेन चलाकर भीड़ को मंज़िल तक भेज देना चाहिए.

रेलवे हर साल त्योहारों के दौरान बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाता है ताकि वो मुसाफ़िरों की बढ़ी मांग पूरी कर सके.वेस्टर्न रेलवे के प्रवक्ता के मुताबिक़ इस सीज़न में भी वेस्टर्न रेलवे ने देश के अलग-अलग इलाक़े के लिए स्पेशल ट्रेनों की 2500 से ज़्यादा फेरे (ट्रिप) की घोषणा की है. ऐसी क़रीब इतनी ही ट्रेनें सेंट्रल रेलवे भी चला रहा है. रेलवे के इन दोनों ज़ोन का मुख्यालय मुंबई है.भारत में त्योहारी सीज़न में ट्रेनों की ज़्यादा मांग उत्तर रेलवे में काफ़ी बढ़ जाती है. उत्तर रेलवे ने भी इस साल 1 अक्तूबर से 30 नवंबर के बीच स्पेशल ट्रेनों के 3150 फ़ेरे चलाने का ऐलान किया है. इसके अलावा वो नियमित ट्रेनों में भी क़रीब 60 एक्स्ट्रा कोच लगा रहा है, जिनसे त्योहारों के पूरे सीज़न में क़रीब 2 लाख अतिरिक्त मुसाफिर सफर कर पाएंगे.उत्तर रेलवे के प्रवक्ता कुलतार सिंह ने बीबीसी को बताया है कि पिछले सीज़न के दौरान उत्तर रेलवे ने स्पेशल ट्रेनों के 1086 ट्रिप्स चलाए थे.कुलतार सिंह के मुताबिक़, च्रेल मंत्रालय के निर्देश पर इस बार ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, इसके अलावा मांग के आधार पर भी हम किसी ख़ास जगह पर जाने वालों की स्टेशन पर भीड़ को देखते हुए तत्काल स्पेशल ट्रेन चलाते हैं.लेकिन इस सुविधाओं के बावजूद ट्रेनों में सीट पाने के लिए लोगों में भगदड़ देखी जाती है.त्योहारों के दौरान रेलवे स्टेशनों पर भीड़ पर काबू पाने के लिए आमतौर पर कई स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म टिकट की बिक्री रोक दी जाती है ताकि प्लेटफ़ॉर्म पर भीड़ को कम रखा जा सके.इसके अलावा स्टेशन परिसर में मुसाफिरों के लिए ख़ास व्यवस्था की जाती है ताकि लोगों को ट्रेनों के इंतज़ार के लिए सुरक्षित जगह मिल सके.रेलवे में त्योहारों या भीड़ के दौरान सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ाने का दावा किया जाता है, हालांकि इन सबके बाद भी स्टेशनों पर भगदड़ का बड़ा इतिहास रहा है और इससे जुड़ी कई छोटी-बड़ी घटना अक्सर सुर्ख़ियों में होती है.मुंबई में हुई भगदड़ रेलवे में त्योहारों के दौरान होने वाली भगदड़ों में से एक है. पिछले साल भी त्योहारों के दौरान गुजरात के सूरत रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मची थी. ख़बरों के मुताबिक़ इस भगदड़ में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कुछ अन्य घायल भी हुए थे.भारत में कुछ साल पहले दिवाली के त्योहार के दौरान राजधानी दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा हुआ था.साल 2013 में इलाहाबाद के रेलवे स्टेशन पर कुंभ मेले के दौरान भीड़ के बीच मची भगदड़ में कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई थी.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 300 : श्री राम का रथ अयोध्या नगरी से बाहर निकला, प्रजा चल रही रथ के साथ-साथ

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



श्री राम का रथ अयोध्या के दक्षिणी द्वार पर पहुंचा। रथ की गति धीमी हुई और यह कुछ देर के लिए वहीं रुक गया। द्वार पर नियुक्त प्रहरियों ने राजकुमार राम, देवी सीता और राजकुमार लक्ष्मण का हाथ जोड़कर और झुककर अभिवादन किया। श्री राम के समझाने पर अनेक नगर वासी अयोध्या में ही रुक गए थे लेकिन सहस्त्रों नर-नारी अभी भी उनके साथ चल रहे हैं। यह एक विचित्र स्थिति है। वनवास केवल श्री राम के लिए है लेकिन उनके साथ उनकी धर्मपत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण जी भी जा रहे हैं। केवल वे तीनों ही नहीं बल्कि अयोध्या का एक बड़ा जनसमूह भी उनके साथ वन प्रवास को आतुर है।

श्री राम ने मुस्कुरा कर एक बार पुनः सभी से लौट जाने के लिए कहा लेकिन प्रजा ने मना कर दिया और स्वयं उनसे रुकने की मनुहार करने लगी। प्रजा का प्रेम देखकर श्री राम भावविह्वल हो गए। श्री राम ने सुमंत जी को रथ को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। रथ ने आगे बढ़ना प्रारंभ किया।उनका रथ तमसा नदी की ओर बढ़ने लगा। अभी उनका रथ कौशल राज्य में ही है।अयोध्या नगर की सीमा के बाहर पेड़ पौधों की बहुतायत है। जिस पथ से होकर श्री राम जा रहे हैं, उसके दोनों ओर अनेक स्थानों पर साल, आम, अशोक ,पारिजात, न्यग्रोध(बरगद), चंदन, अर्जुन, अश्वत्थ (पीपल) और देवदारू के वृक्ष हैं। अनेक स्थानों पर घास से भरे हुए हरे- भरे मैदान हैं,जहां दूब घास, कुश और सरकंडे उगे हुए हैं। हवा चल रही है। कुश का एक टुकड़ा कहीं से उड़ता हुआ आया और सीता जी के हाथ में चुभकर दूर जा गिरा। सीता जी के दाहिने हाथ में हल्की खरोंच की लाल रेखा उभर आई। लक्ष्मण जी ने आंखें तरेरकर कुश के उस टुकड़े की ओर देखा।लक्ष्मण जी ने अपनी पोटली से एक औषधियुक्त द्रव निकाला और श्री राम ने सीता जी के हाथ में खरोंच की जगह में उसका लेपन किया।

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## लघुकथा

# साइकिल की दीवाली

प्रदीप भोले के घर एक पुरानी साइकिल वर्षों से कचरे की तरह पड़ी हुई थी। उसके सभी हिस्सों में जंग लग चुके थे। टायर सड़ने की हालात में थे। प्रदीप भोले की पत्नी हर दिवाली में भोले को आंख दिखाते हुए कहती थी- जंग लगी साइकिल को फेंक क्यों नहीं देते?

सुख दुःख की सहगामिनी सायकिल के प्रति मोह को आखिरकार भोले जी को त्यागना पड़ा। दिवाली के दो दिन पहले घर आए कबाड़ी के हाथ सौ रुपए में भोले जी ने साइकिल को बेच दिया।

कबाड़ी वाला सायकिल को ठेले में लादकर जाने लगा तब प्रदीप भोले की पत्नी फिर चिल्लाई-आपके दिमाग में जंग लग गया है क्या इतनी बड़ी साइकिल को केवल सौ रुपए में दे दिए। अरे, जानते नहीं, कबाड़ी वाले बहुत चालू होते हैं।

कबाड़ी वाला यह सुनकर बुदबुदाने लगा-चालू कौन है? कचरे को सौ रुपए में बेचने वाला या कचरे को सौ रुपए में खरीदने वाला दूसरी ओर ठेले पर लदी साइकिल यह सोचकर खुश हो रही थी, कि भोले जी के घर के एक कोने को घेरे हुए वर्षों से बेकार पड़ी थी। आज सफाई भी हो गई और कबाड़ी की दुकान में बिक जाऊंगी तो कचरा ठेले वाले के घर दिवाली भी मन जाएगी। खुशी के मारे सायकिल की हेडिंल में लगी जंग खाई घंटी ट्रिन ट्रिन बजते हुए बोल पड़ी- दूसरों को खुशी देना ही तो असल दीवाली है।




विजय मिश्रा ''अमित''
पूर्व महाप्रबंधक (जन)
एम 8 सेक्टर 2 अग्रोहा कॉलोनी,
पोऑ- सुंदर नगर रायपुर (छ.ग.)
492013, मोबा.9893123310

## शब्द सामर्थ्य -220

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 219 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मैं | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

## तुक्कक कथा

# महंगाई देवी की लीला न्यारी

महंगाई पीड़ित गृहस्थ गिरधारी ने
महंगाई पर,
एक व्यंग्यात्मक कविता लिखी।
गजाधर और बानी को भी
कविता बड़ी मार्के की दिखी।
बानी ने सलाह दी-
'गिरधारी! इसे तुम
दीपावली अंक में छपवाओ!
आज ही जाओ,
और प्रेस में दे आओ।'
गिरधारी बहुत उत्साहित होकर,
अपनी कविता को खूब सहेज कर,
प्रेस की ओर चला
रास्ते में बाजार पड़ा
बाजार में इतनी भीड़, इतनी भीड़
कि लोग एक दूसरे पर
टूटे पड़ रहे थे।
आगे वालों को सॉस लेने में
कठिनाई हो रही थी
और पीछे वाले धक्का-मुक्की करते
आगे बढ़ रहे थे।
जब उसने देखा बाजार का ऐसा हाल
तो उन्हें आया अपनी कविता का ख्याल
उन्होंने हाथ जोड़ कर कहा -
''हे महंगाई देवी! तेरी लीला बड़ी न्यारी है
उपभोक्ताओं को तू बड़ी प्यारी है।''
फिर उन्होंने गर्व से फूली
महंगाई रानी को सश्रद्ध प्रणाम किया
और अपनी कविता को फाड़कर
ग्राहकों की भीड़ पर फेंक दिया।



-गिरीश बख्शी

## कविता

# ।। देवारी के जोरा ।।

लिप पोत लेबो घर अंगना दुवारी, गजब लागय जोरा।
देवारी के जोरा जर जांगर टोरा, तंय आबे दीदी मंटोरा।।
बेरा कुबेरा नहवई खवई, तभो बांचे रइथे काम कमई।
कुँवारी दीया मन ''वारे'' बर, रइथे बच्छर भर ले अगोरा।।
पेरौसी डार गैरी मताबो, लोंदी-लोंदी बिला भरका छबाबो।
रँधनी खोली देंवता कुरिया, गाय गरुवा कोठा चिकनाबो।।
हरेली बांचे देवारी नाचे, गरब गुमान फेर काबर काते।
कोठी डोली अन्नपूर्णा अंचरा, सुघ्घर रंगोली चंउक पुराबो।।
लक्ष्मी दाई आही पाँव मढ़ाही, हावय बच्छर भर ले अगोरा।
करसा दियना रिगबिग-सिगबिग, जगाबो गौरी- गौरा।
नवा बहुरिया पहिली देवारी, लुगरा लेबो सरी-सरी सारी।
कंकन मउर संग सितलंग गौरी, गंगा असनांद करे गौरा।।
कुम्हड़ा कोचई अमसूरहा भाथे, गउधन संग खाथे खवाथे।
जब अतका सुग्घर भाव जनाथे,
मनखे काबर बैर भंजाथे।।
मंद मउहा ले परब लिलावय, तास जुआ अन-
धन सिरावय।
जिनगानी चरदिनिया कहाथे,
जियत मरत मनखे जुरियाथे।।



रोशन साहू ''मोखला'' (राजनांदगांव)
7999840942

## राशिफल

**मेष** — आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। इस बीच आपके जीवनसाथी को भी तरक्की का कोई अच्छा अवसर मिलेगा। आज परिस्थितियां बदलने के योग हैं और नई उम्मीदें बनेगी। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, वो आज आपके सामने नतमस्तक होंगे। आपके रिश्ते फिर से अच्छे हो जाएंगे।

**वृषभ** — आज कारोबार में अचानक से आपको फायदा होगा। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी। आज मन में चल रहे सवालों का जवाब भी खुद को ही तलाशना होगा। आज दिखावे के चक्कर में अधिक खर्च करने या कर्ज लेने से बचें। सोच-विचार में अपनों की राय लेनें से उपलब्धियां आपके हाथ लगेगी।

**मिथुन** — ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। आज कारोबार में अचानक कुछ लाभ हो सकते हैं, स्थान परिवर्तन के भी योग है। आज दोस्तों और रिश्तेदारों से मुलाकात खुशी देगी। एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी उपस्थिति रहेगी और किसी परेशानी का भी हल मिलेगा।

**कर्क** — आज अधिकारी वर्ग से आपको पॉजीटिव रिस्पॉन्स प्राप्त होगा। आज घर में सुखद और अनुशासित माहौल रहेगा। काफी समय बाद रिश्तेदारों से मेल-मुलाकात आपको उत्साहित करेगा। आज दिनभर बहुत व्यस्तता रहेगी। लेकिन मनोनुकूल नतीजे मिलने से प्रसन्नता होगी। किसी समारोह में शामिल होने का निमंत्रण मिलेगा।

**सिंह** — आज आपको घर की कुछ नयी जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आज कोई रुका हुआ काम पूरा होने वाला है, साथ ही आप कई प्रकार की गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे साथ ही आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा। प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात होगी और कुछ बेहतरीन जानकारियां भी मिलेंगी। आपका जीवनसाथी आपको कोई सरप्राइज दे सकता है।

**कन्या** — आज कार्यालय पर अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनायेंगे। आज किसी नजदीकी रिश्तेदार के साथ अपने विचारों को साझा करेंगे रिश्तों में मधुरता आएगी। जिससे घर परिवार में भी खुशी भरा माहौल रहेगा। आज पुरानी नकारात्मक बातों को वर्तमान पर हावी ना होने दें और रिश्तों को सहेज कर रखें।

**तुला** — आज आप उत्साह से भरे रहेंगे। आज कोई भी निवेश सोच-समझकर ही करेंगे। लोगों के साथ बातचीत करते समय सावधान रहें, गलतफहमियों की वजह से रिश्तों में अनबन हो सकती हैं। बच्चों की समस्याओं के समाधान में आपका सहयोग रहेगा। आज कामकाज में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिक** — आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। आज किसी मित्र की गलत सलाह आपको आपके लक्ष्य से भटका सकती हैं। इसलिए सोच-समझकर ही कदम उठाएंगे तो परेशानी से बच जायेंगे।

**धनु** — आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा। आज कार्यभार की वजह से शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। अपने कामों को दूसरों के साथ बांटने का प्रयास करेंगे तो आसानी होगी। आज नई शुरुआत के लिए दिन अच्छा है।

**मकर** — आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज नए लोगों से मिलने-जुलने का अवसर मिलेगा। आज किसी आदर्श व्यक्ति की प्रेरणा से सजगता और भरपूर ऊर्जा मिलेगी। आपसी बातचीत द्वारा कई परिस्थितियां सामान्य हो जाएंगी। किसी काम में संघर्ष के बाद सफलता मिलने के योग हैं।

**कुंभ** — आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। आज अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने की जरूरत है, इससे आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से अंजाम देंगे। आज किसी दोस्त या रिश्तेदार के साथ चल रही अनबन दूर होगी। संतान की तरफ से संतोषजनक नतीजे मिलने से सुकून मिलेगा।

**मीन** — आज आप सकारात्मक विचारों के साथ अपने काम को आसानी से पूरा कर लेंगे। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज आपको कार्यप्रणाली में लाए गए परिवर्तन के अनुकूल परिणाम मिल सकते हैं। आज आपका व्यवसायिक दृष्टिकोण कई मामलों को सुलझाने में सक्षम भी रहेगा।

# नौनिहालों के हाथ दुपहिया वाहन, नहीं होती जांच

## अनेक दुर्घटनाओं के बाद भी गंभीर नहीं प्रशासन

*(गोविंद गुप्ता)*

डोंगरगांव (दावा)। शहर सहित क्षेत्र में बगैर लाईसेंस के दुपहिया वाहन चला रहे नौनिहालों को रोकने वाला कोई नहीं है. डोंगरगांव शहर की गलियों सहित स्टेट हाईवे में तेज व अनियंत्रित गति से चलने वाले दुपहिया वाहन क्षेत्र में बढ़ती दुर्घटनाओं का बड़ा कारण हैं. जहाँ वर्षो से डोंगरगाँव की निर्माणाधीन सडक़ वाहन चालकों के लिए जानलेवा बनी हुई है, वहीं बेलगाम हो चुके नौनिहालों पर बड़ी कार्यवाही नहीं होने से लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं. अनेक दुर्घटनाओं के बावजूद शासन-प्रशासन नौसिखिया और बगैर लायसेंस के वाहन चालकों पर लगाम लगाने के लिए जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं कर रही है. कोई भी वाहन चलने के लिए जहाँ परिवहन विभाग व्दारा लायसेंस जारी किया जाता है लेकिन इन वाहनों की चेकिंग के नाम पर परिवहन विभाग से लेकर पुलिस केवल जिला मुख्यालय तक ही सीमित है. ग्रामीण क्षेत्रों में लायसेंस या वाहन चालकों की चेकिंग के नाम पर कोई भी विभाग गंभीर नहीं है और स्कूली बच्चों से लेकर सडक़ छाप मवाली तेज गति से सडक़ों और गलियों में बेखौफ होकर वाहनों को दौड़ा रहे हैं. डोंगरगाँव में होने वाली अधिकांश दुर्घटनाओं के मामले थाने पहुंचने से पहले सुलझ जाते हैं और कुछ मामले थाने पहुंचने के बाद सुलझा लिए जा रहे हैं. सडक़ दुर्घटनाओं को लेकर शासन ने नियम तो कड़े बनाए हैं किन्तु इसका पालन जिस तरीके से होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है.



गौरतलब है कि पिछले वर्ष जहाँ छुरिया मार्ग पर ग्राम रेंगाकठेरा के समीप दो नवयुवक लापरवाहीपूर्वक तेज गति से बाईक चलते हुए विपरीत दिशा से आ रहे पिता-पुत्री को ठोकर मार दी थी, जिसमें दोनों की मौत हो गई थी, वहीं पेट्रोल पंप के समीप जैन परिवार का एक युवक की जान जाते जाते बची. इधर शहर के हनुमान मंदिर मार्ग पर एक नाबालिक वाहन चालक ने शहर के सभ्रांत परिवार की एक महिला को ठोकर मारकर घायल कर चलते बना. नाबालिक बच्चों को कोई भी वाहन देकर वाहन मालिक सडक़ पर चल रहे अन्य राहगीरों और वाहन चालकों की जान जोखिम में डाल रहे हैं.

### कड़े हुए नियम पर पालन नहीं?

देश भर में 1 सितंबर 2019 को मोटर वाहन कानून लागू कर दिया गया है. नये कानून में जुर्माने की रकम बढ़ाने के साथ ही सजा को भी बढ़ाया गया है. वर्तमान नियमानुसार वाहनों को सार्वजनिक स्थान या सडक़ पर चलाने के लिए सभी को वैध ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता होती है और ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित है. नये मोटर वाहन कानून के तहत अनाधिकृत वाहनों के इस्तेमाल पर जुर्माना 1000 से बढ़ाकर 5000 रूपये कर दिया गया है और अयोग्यता के चलते 10000 तक जुर्माना है. जिसमें बिना ड्राइविंग लायसेंस के वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 180 के तहत कार्यवाही होती है, जिसके तहत जुर्माना के साथ जेल भी हो सकती है. बगैर लाइसेंस या नाबालिक के वाहन चलाने पर वाहन मालिक को भी सजा का सामना करना पड़ सकता है. साथ ही ट्रेफिक पुलिस वाहन को जब्त भी कर सकती है. साथ ही बगैर लाइसेंस दुर्घटना होने पर बीमा का कोई क्लेम नहीं मिलेगा और सारा खर्च वाहन मालिक को ही वहन करना होगा. यदि दुर्घटना में मौत होती है तो उसके लिए भी रिपोर्ट की जा सकती है. इसके साथ ही अनेक नियमों को काफी कड़ा किया गया है किन्तु इन नियमों को कड़ाई से पालन करवाने की आवश्यकता है.

# विधायक श्रीमती बघेल के हाथों ढारा स्थित तीन भवन का लोकार्पण एवं सीसी रोड का भूमिपूजन



डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम ढारा के महोबिया पारा, साहू पारा एवं रानीगंज वार्ड नंबर-1 के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा किया गया। एवं वार्ड नंबर 3 में सीसी रोड की भूमि पूजन भी विधायक द्वारा किया गया। ग्राम पहुंचने पर ग्रामीणों एवं कांग्रेसियों द्वारा विधायक श्रीमती बघेल एवं सभी अतिथियों का गर्मजोशी से पुष्प गुच्छ पुष्पहार गुलाल एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। सभी कार्यक्रम डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती बघेल एवं पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती बघेल ने कहा की छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार के कार्यकाल के दौरान अनेक काम हुए तथा मेरे विधायक निधि से स्वीकृत गए सीसी रोड का भूमिपूजन करने आई हूं। साथ ही कहा कि मुझे बहुत खुशी होती है जब मेरे छेत्र में ऐसे विकास कार्य होते है और समस्त ग्रामीणों की मांग पूरी होती है। श्रीमती बघेल द्वारा समस्त ग्रामीणजनों को सामाजिक भाई बंधुओं को बधाई शुभकामनाएं दी गई।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भुनेश्वर बघेल पूर्व विधायक, जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सरपंच राजेंद्र जंघेल, चुम्मन साहू, गोकुल वर्मा, सामसाय टांडेकर, नेतराम साहू ,राजू राजपूत, लालाराम वर्मा, योधन दास साहू, सुखचरन साहू ,सरल महोबिया, संजय उईके, टुमेश नेताम, सविता वैद ,दीपेंद्र टांडेकर, गौतम वर्मा, रोशन वर्मा, रंजीत भारती, राजेंद्र वर्मा, राजकुमार यादव, राजेंद्र श्रीवास, प्रभात वर्मा, दानी वर्मा, नंदू वर्मा, कमलेश साहू ,राजकुमार सेन, रामकुमार वर्मा, बिसेसर धनकर, अनीता, टानेश्वरी वर्मा, हेम साहू, सरस्वती वर्मा ,उर्मिला वर्मा, रश्मि वर्मा, शीतला वर्मा, नंदकुमार, गीता, शारदा, रुपेश वर्मा, मनोज महोबिया, प्रकाश महोबिया, कुम गैंडरै रंजीत भारती एवं भारी संख्या में सामाजिक जन एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पहला कॉलम...

## सामाजिक कार्यकर्ता उमेश हथेल भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष निर्वाचित



डोंगरगढ़(दावा)। सामाजिक कार्यकर्ता उमेश हथेल भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। श्री हथेल लंबे समय से स्काउट एवं गाइड के साथ-साथ अनेक सामाजिक गतिविधियों में सक्रियता के साथ जुड़कर युवाओं को प्रेरित करते आ रहे हैं। स्काउट एवं गाइड का अध्यक्ष बनने पर शुभचिंतकों ने बधाई संदेश देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## खामतराई मंडई मेला 6 को

जेवरतला (दावा)। दीपावली के बाद आगामी 6 नवम्बर बुधवार को खामतराई में पिछले वर्षो की भांति मड़ई मेला और दिवाली मिलन का कार्यक्रम समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।

रात्रिकालीन मनोरंजन के लिये अंचल के ख्यातिप्राप्त नाचा पार्टी दुर्रे बंजारी के द्वारा हास्य व्यंग्य से भरपूर कलात्मक छत्तीसगढ़ी नाचा का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। यह जानकारी ग्राम प्रमुख हिरमन साहू ने ग्राम बैठक के उपरांत दी।

## महरूमखुर्द में रात्रिकालीन भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता 30 को

ठेलकाडीह (दावा)। समीप ग्राम महरूमखुर्द में दीपावली के अवसर पर नव युवा समिति एवं ग्राम वासियों के संयुक्त तत्वाधान में रात्रिकालिन भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 30 अक्टूबर को रखा गया है।

समिति के अध्यक्ष बलित वर्मा, दीपक साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में सामूहिक, युगल एवं एकल रिकॉर्डिंग डांस के लिए पुरस्कार रखा गया है सामूहिक में प्रथम पुरस्कार 7000 द्वितीय 4000 क्रमशः 3000, 2000, 1000 रखा गया है। इसी प्रकार युगल डांस में 3000, 2000, 1000, 700 एव एकल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2000, 1000, 700 ओर 500 पुरस्कार की राशि रखा गया है द्य समिति के त्रिलोखी वर्मा, गुलाबचंद वर्मा, पंकज वर्मा ने जानकारी दिया कि रिकॉर्डिंग प्रतियोगिता में आवाज के जादूगर ग्राम धीरी निवासी भूपेन्द्र निषाद मंच संचालन करेंगे।

## नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण हेतु कार्यशाला संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने कार्यशाला के आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि टीकाकरण से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। टीकाकरण से नवजात मृत्यु, शिशु मृत्यु में कमी दर्ज की गई है। उन्होंने टीकाकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के संभागीय प्रतिनिधि डॉ. खान एवं उनकी टीम द्वारा नियमित टीकाकरण के कवरेज को बढ़ाए जाने हेतु सूक्ष्म कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई। डॉ. खान ने नियमित टीकाकरण की सूक्ष्म कार्ययोजना के निर्माण हेतु आवश्यक प्रपत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार ने बताया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत 0 से 5 वर्ष के बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए सभी आवश्यक खुराक संशोधित टीकाकरण सारणी अनुसार नियमित अंतराल में टीकाकरण किया जाना आवश्यक है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तुलावी ने बताया कि जिला मे यूविन के तहत टीकाकरण कार्यक्रम संपादित की जा रही है। जिसमें सभी बच्चों एवं माताओं की एंट्री कर वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

जिसके उनके ट्रैकिंग भी हर स्तर पर संभव है। सेक्टर पर्यवेक्षक ने टीकाकरण स्थल के प्रोटोकॉल के संबंध में जानकारी दी। जिला डाटा प्रबंधक ने टीकाकरण की वर्तमान उपलब्धि के बारे में बताया। कार्यशाला में जिला टीकाकरण अधिकारी, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, जिला सलाहकार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीईटीओ, बीडीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नेहरू महाविद्यालय में नेट, सेट एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कार्यशाला आयोजित

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के हेतु नेट सेट व सी.जी. पी. एस. सी. की परीक्षाओं की तैयारी के लिए महाविद्यालय के नए भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के, आई. क्यू. ए. सी. एवं इतिहास विभाग ने संयुक्त रूप से आयोजित किया । कार्यशाला में वक्ता के रूप में रानी अवंतीबाई लोधी शा. महाविद्यालय घुमका के इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक दीपक वर्मा उपस्थित हुए थे।

विषय विशेषज्ञ दीपक वर्मा का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्रीमती ई. वहीं. रेवती के द्वारा गुलदस्ता भेंटकर किया गया। कार्यशाला पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य ने कहा की यह कार्यशाला सभी छात्र-छात्राएं भविष्य में कैरियर बनाने के मार्ग दर्शन का काम करेगी। महाविद्यालय समय समय पर छात्र हित ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहता है।आज की कार्यशाला उसी कड़ी का हिस्सा है।सभी छात्र-छात्राएं इस कार्यशाला का लाभ लेकर अपना कैरियर संवारेंगे व महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगे। वक्ता दीपक वर्मा ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को बड़ा लक्ष्य लेकर मेहनत करने। नेट की तैयारी में जेआरएफ को फोकस करें ।जिससे पीएचडी की पढ़ाई करने में आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में सिलेबस का महत्वपूर्ण स्थान होता है । सिलेबस के आधार पर अच्छी पुस्तकों का संग्रह कर तैयारी करें। अच्छी पुस्तकों के लिए अपने प्राध्यापकों से सलाह लें और प्रतिदिन कम से कम 6 से 7 घंटे की पढ़ाई करें । प्रतियोगी परीक्षाओं में स्नातक और स्नातकोत्तर की पुस्तकों से ही प्रश्न पूछे जाते हैं। अतः स्नातक व स्नातकोत्तर की पढ़ाई सिर्फ,परीक्षा को पास करने की दृष्टि से ना कर, भविष्य में कंपटीशन की तैयारी की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए गहराई से अध्ययन करें। आप किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो उस परीक्षा के सफल प्रतियोगियों से सम्पर्क कर उनसे चर्चा अवश्य करें। समस्या सभी के साथ रहती है। समस्याएं को जीवन का हिस्सा मान कर प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करे। उसे बाधा न माने। समस्या मुक्त प्रतियोगी परीक्षा तैयारी की आशा नहीं रखना चाहिए। दीपक वर्मा सर ने स्वयं पहले ही प्रयास में नेट व जेआरएफ की परीक्षा पास किये।2017 को छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक (इतिहास )परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए थे। वर्तमान में रानी अवंती बाई शा. महाविद्यालय घुमका में सहायक अध्यापक इतिहास के पद पर कार्यरत हैं। अपने सफलता के पीछे के संघर्ष को छात्र-छात्राओं के साथ साझा किये । कोई भी परीक्षा देते हैं तो हमारा उद्देश्य सिर्फ परीक्षा पास करना नही होना चाहिए बल्कि प्रथम स्थान हासिल करना होना चाहिए। जो हमें तैयारी करने के लिए प्रेरित करेती है। छात्र-छात्राओं ने अपने शंका समाधान के लिए प्रश्न पूछे। दीपक वर्मा ने छात्र-छात्राओं के प्रश्नों का सरलता पूर्वक उत्तर देकर समाधान किया। इतिहास विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ श्रीमती आशा चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए छात्र-छात्राओं की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यशाला में वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष जी. के. यादव, इतिहास विभाग के एवलाल मेश्राम सहित छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# किसानों के लिए नई तकनीक





हरदी (दावा)। पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, राजनांदगांव ने ग्राम-धामनसरा में ड्रोन के माध्यम से की उर्वरकों एवं कीटनाशकों के हवाई छिड़काव का प्रदर्शन। महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने किसानों के लिए एक अनोखी पहल की है। छात्रों ने ग्राम धामनसरा के किसान रोहित कुमार पटेल के खेत पर ड्रोन के माध्यम से जल विलेय उर्वरकों एवं कीटनाशकों का हवाई छिड़काव किया। इस प्रयोग का उद्देश्य किसानों को कृषि में नई तकनीक और आधुनिक विधियों से अवगत कराना है, जिससे वे खेती में बेहतर और कारगर तकनीकों का उपयोग कर सकें।

प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थी- वत्सल, प्रांजल, सौरभ, रोहित, तुविंकल, तन्नू, यामिनी साहू, उमेश, विनोद, तुषार, टिकेश्वर, इशी, तारन, श्रुति, और यामिनी ने धान की फसल पर ड्रोन का प्रयोग करवाया, जो कि पारंपरिक विधियों की तुलना में अधिक तेज और प्रभावी है। इस आधुनिक तकनीक से न केवल समय की बचत होती है बल्कि छिड़काव के दौरान उर्वरक एवं रसायनों की मात्रा भी कम लगती है। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जयालक्ष्मी गंगुली के मार्गदर्शन में किया गया है।

# राहुल गांधी हिन्दू को हिंसक कहते है और विधायक माता देवाला यात्रा निकालकर लोगों को बेवकूफ बना रहे है - गिरवर साहू



डोंगरगढ़ (दावा)। जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने विधायक दलेश्वर साहू के माता देवाला यात्रा पर प्रश्न चिन्ह लगाते हुए आरोप लगाया कि क्या विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दुओ को हिंसक कह कर गाली देने का काम किया अगर डोंगरगांव विधायक अपने नेता का वक्तव्य का समर्थन करते है तो माता देवाला यात्रा निकाल कर हिन्दुओं का अपमान कर रहे है।

गिरवर साहू ने आगे कहा कि एक तरफ कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व हिन्दुओ का अपमान करने काम कर रहे है वही दूसरी ओर विधायक दलेश्वर साहू अपनी वोट बैक बचाने के लिए गाँव गाँव मे नाचा करवाते है । साड़ी बांटने का काम करते है। साल मेमोटो बांटने का काम करते है। विगत पंद्रह साल में यही देखने को मिल रहा है । हर चुनाव में वनांचल क्षेत्र की मतदाताओं ने दिल खोल कर उन्हें मतदान किया। लेकिन इस क्षेत्र के लोगो की सुविधाओं को साड़ी ओर साल में ही लपेट कर रख दिया गया है । इस क्षेत्र में अभी भी ग्रामीण सड़क के लिए तरस रहे है। पुल पुलिया के लिये तरस रहे है। बाघनदी से कंडरा टोला सड़क ,सिटागोटा से कन्हार टोला, मोहनपुर से आलेदण्ड ,कनेरी पुलिया निर्माण नवागांव पुलिया निर्माण ये लोगो की बहुत पुरानी मांग है ।विधायक की पंद्रह साल की कार्यकाल में सभी मांग पूरी हो जाती लेकिन विधायक की इच्छा शक्ति ही नही है।

## मुड़खुसरा में मातर मड़ई मेला 3 को

जेवरतला (दावा)। ग्राम मुड़खुसरा में समस्त ग्रामवासीयों के सहयोग से 3 नवम्बर रविवार को मातर मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए महतारी के आंसू ग्राम संसार गढ़ (अंबागढ़ चौकी) वाले छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी गंगाराम सोनवानी, दुर्गा प्रसाद साहू, महेन्द्र कुमार भुआर्य ने दी।

# शहर कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं को विधायक निवास में दीपावली की दी गई शुभकामनाएं

## कार्यकर्ता आगामी नगर पालिका चुनाव के लिए तैयार रहे - विधायक श्रीमती बघेल



डोंगरगढ़ (दावा)। विधायक निवास में दीपावली मिलन समारोह के नाम से आयोजित कार्यक्रम में आगामी नगरीय निकाय चुनाव पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही दीपावली मिलन समारोह पूरी उत्साह के साथ मनाया गया।

विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल अभी अस्वस्थ चल रही हैं,परंतु कार्यकर्ताओं के उत्साह को देखते हुए वे सभी के साथ खुशी में सम्मिलित हुई। सभी को आगामी चुनाव के लिए विधायक ने दिशा निर्देश दिया। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को उपहार भेंट किया गया।

डोंगरगढ़ के लगभग सभी कांग्रेसी उक्त कार्य क्रम में उपस्थित थे। इस अवसर पर कांग्रेस नेता नवाज़ खान, विजयराज सिंह अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डोंगरगढ़, संध्या देशपांडे, धीरज मेश्राम, हरीश भंडारी,जितेंद्र सिंह भाटिया, रामजी तराने,संजय यादव,किरण मेश्राम, राहुल यादव, कृष्णा लिल्हारे, प्रकाश महानदी,बंटी गुप्ता, तरुण फूले, शिशिर मिश्रा, राकेश टंडन, प्रकाश शर्मा, दिनेश साखरे, दशरथ सोनी, दशरथ ठाकुर, किशोर अंबादे, संदीप सहारे, निशा निर्मलकर, ऋतु निर्मलकर, रेखा खोब्रागड़े, नरेश करसे, संजीव गुप्ता, संजीव बक्सरे, शिशुपाल भारती, प्रमोद टेंबूर्नीकर, शेख इजराइल, मधु श्रीवास्तव, हरप्रीत, पप्पू इंदुरकर, गणपत रजक, धन्नालाल गणवीर, रिखीराम, दुलीचंद बडोले, रूपचंद खोब्रागड़े, बबलू खोब्रागड़े एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जनभागीदारी से निर्धन छात्र अमन ने इंजियरियरिंग कॉलेज में लिया एडमिशन



**प्रतिभावान निर्धन व दिव्यांग छात्र को मिला आवश्यक जनसहयोग**

कल्लूबंजारी (दावा)। वनांचल एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिवान छात्रों की कमी नहीं है प्रतिभावान निर्धन छात्रों को आवश्यकता अनुसार आवश्यक मार्गदर्शनएप्रोत्साहन एवं जन सहयोग से आर्थिक मदद मिल जाये तो अपने प्रतिभा के बल पर अपने सपनों को साकार कर सकते है। ऐसा ही एक ताजा उदाहरण है प्रतिभाओं की बस्ती कहलाने वाले ग्राम बूचाटोला निवासी छात्र अमन कुमार कुंजाम जोकि आर्थिक तंगी, दिव्यांगता एवं उचित मार्गदर्शन के अभाव के चलते अपने सपनों को साकार नहीं कर पा रहे थे लेकिन जैसे ही उनको आवश्यकता अनुसार जनसहयोग से आर्थिक सहयोग एवं उचित मार्गदर्शन मिला शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जगदलपुर में एडमिशन लेने में कामयाब हुए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छुरिया विकासखंड के गोंड़-कंवर आदिवासी बाहुल्य वनांचल ग्राम बूचाटोला के निवासी छात्र अमन कुमार कुंजाम पिता यादराम कुंजाम उत्कृष्ट आवासीय विद्यालय प्रयास की पढ़ाई पूरी करने के बाद इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश हेतु परीक्षा दिलाया जिसमें वे 45 वां रैंक प्राप्त करने में सफल हो गये थे। लेकिन आवश्यक मार्गदर्शन, जनसहयोग, श्रवण बाधित दिव्यांगता एवं आर्थिक तंगी के चलते वे इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन नहीं ले पा रहे थे। उनके पिताजी के अपील पर सेवाभावी शिक्षकों एवं अन्य अधिकारियों ने आर्थिक मदद करने अपने मददगार हाथ आगे बढ़ाये अमन कुमार कुंजाम को इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन हेतु लगने वाले प्रवेश शुल्क, छात्रावास शुल्क एवं आवागमन हेतु वाहन किराया के लिए आवश्यक राशि की व्यवस्था कर प्रतिभावान निर्धन व दिव्यांग छात्र अमन कुमार कुंजाम का आर्थिक मदद किया गया। अमन कुमार कुंजाम के लिए श्रवण बाधित दिव्यांगता प्रमाणपत्र जबलपुर से बनवाया गया है। दिव्यांगता प्रमाणपत्र एवं 45वां रैंक के आधार पर अमन कुमार कुंजाम का अनुसूचित जनजाति वर्ग के दिव्यांग कोटा में झाड़ा सिरहा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जगदलपुर में चयन एवं एडमिशन हुआ है। प्रतिभावान निर्धन एवं दिव्यांग छात्र को आवश्यक मार्गदर्शन एवं तन-मन-धन से सहायता कर इंजीनियरिंग जैसे उच्च शिक्षा दिलाने में सहयोग करने पर अंचल में एक अच्छा संदेश गया है। इससे अन्य प्रतिभावान व निर्धन छात्रों में उत्कृष्ट उच्च शिक्षा के प्रति रुझान बढ़ेगी। प्रतिभावान निर्धन व दिव्यांग छात्र अमन कुमार कुंजाम को आर्थिक सहयोग करने वालों में दिनेश कुमार, होमप्रकाश सलामें, तिलक सोरी, डॉ.खुमान मंडावी, उमेन्द सिंह मंडावी, गौतरहीन कुंजाम, संजीव कुमार ध्रुर्वे, धनुष मरकाम, डी.एस. मार्को, शंकरलाल वास्कले, प्रीति झा, ओमप्रकाश कोडापे, दिनेश रावटे, बलराम कुमार श्रीवास, भुनेश्वरी साहू, संघमित्रा बोरकर आदि प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के सामने महापौर और पूर्व विधायक के बीच विवाद

अंबिकापुर। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के समक्ष अंबिकापुर महापौर व रामानुजगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डा अजय तिर्की व रामानुजगंज के पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह के बीच जमकर कहा सुनी हो गई। दोनों के बीच हुई बहस से नाराज प्रदेशाध्यक्ष बलरामपुर प्रवास के दौरान भोजन छोड़कर वहां से निकल गए।

यह घटना बलरामपुर सर्किट हाउस में हुई, जब बैज जिले के प्रवास पर थे। वे स्वास्थ्यकर्मी गुरुचरण मंडल की मौत के मामले में स्वजन से मिलने गए थे।बता दें,कांग्रेस ने मामले की जांच के लिए समिति बनाई है जिसके संयोजक डा अजय तिर्की हैं।बताया जा रहा है जब प्रदेशाध्यक्ष बैज और अन्य नेता मृतक के परिवार से मिलकर वापस भोजन के लिए सर्किट हाउस पहुंचे तो अंबिकापुर महापौर डाक्टर तिर्की और बृहस्पत सिंह के बीच विवाद शुरू हो गया। स्थानीय नेताओं ने मामले को शांत करने की कोशिश की, लेकिन विवाद बढ़ता चला गया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष इसे देख रहे थे।वे भोजन छोड़कर बलरामपुर सर्किट हाउस से निकल गए। इस दौरान नाराज बैज को मनाने की कोशिशें की गईं, लेकिन वे नहीं रुके। महापौर डा अजय तिर्की इस बात से नाराज थे कि कांग्रेस से निष्कासित पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह सर्किट हाउस में कैसे आए। उन्हें किसी ने बुलाया नहीं था। इस बात पर बृहस्पत सिंह भी गुस्से में आ गए और तिर्की को अपशब्द कहे दिया। दोनों के बीच बहस इस कदर बढ़ गई कि कमरे का दरवाजा बंद करना पड़ा। अंबिकापुर महापौर डा अजय तिर्की का कार्य क्षेत्र रामानुजगंज रहा है। वे 10 साल से अंबिकापुर के महापौर हैं।कार्यक्षेत्र के कारण पिछली बार उन्हें बृहस्पत सिंह का टिकट काटकर कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया था। यह भी चर्चा है कि टिकट कटने से नाराज बृहस्पत सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी डा अजय तिर्की का चुनाव में साथ भी नहीं दिया, इस कारण उन्हें पराजित होना पड़ा और भाजपा के राम विचार नेताम को बड़ी जीत मिली।

## पहला कॉलम...

### ऑगर-अलियासिमे पीठ की चोट के कारण पेरिस मास्टर्स से हटे

पेरिस। कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने पीठ की चोट के कारण पेरिस मास्टर्स से नाम वापस लेने की घोषणा की है। ऑगर-अलियासिमे को पहले दौर में बेन शेल्टन से खेलना था, जिसमें विजेता को दूसरे दौर में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर से भिड़ना था। ऑगर-अलियासिमे ने इंस्टाग्राम पर लिखा, मैंने पेरिस में खेलने के लिए खुद को फिट रखने का हर संभव प्रयास किया, लेकिन दुर्भाग्य से इस साल ऐसा नहीं हो सका। बेसल के दौरान मेरी पीठ में कुछ दर्द होने के बाद, मैंने कुछ परीक्षण कराए और अभ्यास करने का प्रयास किया, इससे पहले कि मैं यह निष्कर्ष निकालूं कि मैं पेरिस में उस स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार नहीं हो पाऊंगा, जिसकी मुझे उम्मीद थी। यह कहने के बाद, यह सीज़न का एक कड़वा-मीठा अंत है और मैं 2025 में एक मजबूत शुरुआत के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से ठीक होने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करने जा रहा हूं। हम चलते रहेंगे। इस सप्ताह, ऑगर-अलियासिमे स्विस इंडोर्स के दूसरे दौर में एमपेट्शी पेरीकार्ड से हार गए, जिससे उनका लगातार तीसरा स्विस इंडोर्स खिताब जीतने का प्रयास समाप्त हो गया।

### दीयों से जगमगाएगा मुंबई एयरपोर्ट

मुंबई । इस साल दिवाली पर मुंबई एयरपोर्ट धारावी की गलियों से आए दीयों से जगमगाएगा। धारावी सोशल मिशन के तहत एयरपोर्ट को दस लाख दीयों से सजाया जाएगा। धारावी पुनर्विकास परियोजना प्राइवेट लिमिटेड (डीआरपीपीएल) का उद्देश्य धारावी के लोगों के लिए रोजगार पैदा करना है। साथ ही, धारावी की गलियों की मुलायम मिट्टी के द्वारा हाथ से बने दीयों को एक अलग पहचान देना भी इसका उद्देश्य है। धारावी पुनर्विकास परियोजना प्राइवेट लिमिटेड (डीआरपीपीएल) की पहल धारावी सोशल मिशन ने इस दिवाली धारावी के कुंभारवाड़ा के लिए करीब दस लाख दीयों का ऑर्डर दिया है। इन दीयों का इस्तेमाल मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड अपने यात्री जुड़ाव कार्यक्रम के लिए और अदाणी फाउंडेशन त्योहारी सीजन के दौरान जागरूकता अभियान के लिए करेगा। दस लाख हस्तनिर्मित दीये बनाने की इस पहल से करीब 500 कारीगरों और उनके सहयोगियों को लाभ मिला है। ये कारीगर कई पीढ़ियों की कला का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन लोगों के लिए यह सिर्फ काम का ऑर्डर नहीं है, यह जीवन रेखा है।

### तेल की कीमतों में आई गिरावट

मुंबई । सहकारी संस्था, नाफेड की बिकवाली जारी रहने से दिल्ली के थोक तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को सरसों तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि कल रात शिकागो एक्सचेंज के दो प्रतिशत से ज्यादा मजबूत होने के कारण सोयाबीन तेल के दाम में मजबूती रही। बाकी सभी तेल-तिलहनों (मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन, सीपीओ एवं पामोलीन) तथा बिनौला तेल के भाव पूर्वस्तर पर बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने बताया कि सरकार के द्वारा सस्ते आयातित खाद्यतेलों का आयात शुल्क बढ़ाने के फैसले के बाद पिछले लगभग तीन सालों से जो सरसों नॉफेड के पास जमा हो रखा था, वह खप रहा है अन्यथा इसका खराब होना तय था। इससे किसानों को अच्छे दाम मिले और देश की पेराई मिलों में काम चल पड़ा। जो लोग शुल्क वृद्धि से खाद्यतेल कीमतों में बेतहाशा वृद्धि की आशंका जता रहे थे, उन्हें जानकर हैरत होगी कि शुल्कवृद्धि के बाद सरसों तेल के दाम महज 10 रुपये लीटर ही बढ़े हैं। दूसरी ओर सबसे मंहगा बिकने वाला मूंगफली तेल का दाम 5-7 रुपये लीटर घटा है। लेकिन इसके कारण देश की बंद पड़ी मिलें चल गई और किसानों को फायदा पहुंचा। राजस्थान में तो सरसों तेल और आयातित तेलों से भी सस्ते थोक दाम में मूंगफली तेल बिक रहा है।

### श्रीलंका में लगातार 10 वनडे हारने के बाद जीता वेस्टइंडीज-एविन लुईस का शतक

कैंडी। वेस्टइंडीज ने श्रीलंका दौरे पर बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे मैच को आठ विकेट से जीत लिया है। यह श्रीलंका में उनकी लगातार 10 हार के बाद पहली वनडे जीत थी। 2021 के बाद से अपना पहला वनडे खेल रहे एविन लुईस ने 61 गेंदों पर नाबाद 102 रनों की पारी खेली। कैरिबियाई टीम को छ्स्ल्स मेथड के तहत 196 रन का टारगेट मिला था। तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला कैंडी स्थित पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। शनिवार को बारिश की वजह से यह मैच 23-23 ओवर का खेला गया। वेस्टइंडीज ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम के 17.2 ओवर ही हुए थे। तभी बारिश आ गई। जब दोबारा खेल शुरू हुआ तो मैच 23-23 ओवर कराने का फैसला किया गया। ऐसे में श्रीलंका को 5.4 ओवर ही खेलने को मिले। श्रीलंका ने अंतिम 5.4 ओवरों में 75 रन बनाए और 3 विकेट पर 156 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 1 नवंबर से

**नई दिल्ली। भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का तीसरा व आखिरी मुकाबला मुंबई में खेला जाएगा. इस सीरीज में भारतीय टीम 0-2 से हार चुकी है. मगर, आखिरी मैच में जीत हासिल कर सीरीज को 1-2 के साथ खत्म करना चाहेगी. तो आइए आपको इस मैच से जुड़ी सभी छोटी-बड़ी जानकारी के बारे में बताते हैं.**



आखिरी मुकाबला मुंबई में खेला जाएगा

न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में मिली हार के बाद अब भारतीय मैनेजमेंट ने रख्त रुख अपनाया है. दोनों टीमों के बीच तीसरा टेस्ट मैच 1 नवंबर से शुरू होने वाला है. मगर, इससे पहले टीम इंडिया के लिए 2 दिन का ट्रेनिंग सेशन रखा गया है, जिसमें मैनेजमेंट का मैसेज क्लीयर है कि सभी को इसमें शामिल होना जरूरी है.

बताया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित किसी भी खिलाड़ी को ट्रेनिंग सेशन मिस करने की इजाजत नहीं है. यानी किसी भी खिलाड़ी को दीवाली के दिन भी आराम नहीं मिलने वाला है.

भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही 3 मैचों की टेस्ट सीरीज अब तक निराशाजनक रही है. बेंगलुरु में मिली हार के बाद उम्मीद थी कि टीम इंडिया वापसी करेगी और पुणे में जीत हासिल करेगी. लेकिन, दूसरे टेस्ट में भी भारत को हार का सामना करना पड़ा. नतीजन, अब टीम इंडिया सीरीज हार चुकी है.

अब इस सीरीज का आखिरी मैच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में 1 नवंबर से खेला जाएगा, जिसका इंतजार क्रिकेट फैंस बेसब्री से कर रहे हैं. उम्मीद है कि भारत उस मैच को जीतकर सीरीज में मजबूत वापसी करेगा.

न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज हारने के बावजूद फिलहाल भारतीय टीम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में नंबर-1 पर काबिज है.लेकिन, अब यदि टीम इंडिया तीसरा टेस्ट जीतने में नाकाम होती है, तो उसके लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना मुश्किल हो जाएगा.

ये कहना गलत नहीं होगा कि भले ही भारत अभी अंक तालिका में नंबर-1 पर है, लेकिन फिलहाल फाइनल की रेस में कई टीमें हैं, जो किसी भी जीत के साथ आगे आ सकती हैं. इसके बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है, जहां 5 मैचों की टेस्ट सीरीज होगी. ऐसे में भारत उसकी तैयारी के लिहाज से भी आखिरी टेस्ट हर हाल में जीतना चाहेगा.

## बिना कप्तान के पाकिस्तानी टीम का ऐलान

**बाबर आजम- शाहीन अफरीदी की वनडे-टी20 टीम से भी छुट्टी**

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने हाल ही में अपने घर में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती है। अब इस टीम को ऑस्ट्रेलिया और जिम्बाब्वे दौरे पर जाना है जहां वनडे और टी20 सीरीज खेलनी है। इसके लिए पीसीबी की सेलेक्शन कमेटी ने टीमों का एलान कर दिया है। लेकिन हैरानी की बात है कि सेलेक्टर्स ने न ही वनडे और न ही टी20 टीम के कप्तान का एलान किया है।

सेलेक्टर्स ने बिना कप्तान के दोनों दौरों के लिए टीम चुनी है। हाल ही में बाबर आजम ने वनडे और टी20 टीम की कप्तानी छोड़ दी थी। इसके बाद पाकिस्तान को अपने नए कप्तान की तलाश है। टेस्ट में ये जिम्मेदारा शान मसूद निभा रहे हैं जिनकी कप्तानी में पाकिस्तान ने हाल ही में अपनी पहली टेस्ट सीरीज जीती है।

इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद सेलेक्टर्स ने नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी और बाबर आजम को बाकी दो टेस्ट मैचों से बाहर कर दिया था। हालांकि ये तीनों वनडे और टी20 टीम में बने हुए हैं। इन तीनों को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे और टी20 टीम में चुना गया है लेकिन जिम्बाब्वे दौरे पर से आराम दिया गाय है। मोहम्मद रिजवान को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे और टी20 टीम में चुना गया है लेकिन जिम्बाब्वे दौरे पर उन्हें वनडे टीम में से आराम दिया गया है। तीनों को अपना नाम टीम में देखकर राहत की सांस आई होगी। वनडे टीम में आमिर जमाल, अराफत मिन्हास, फैसल अकरम, हसीबुल्लाह, मुहम्मद इरफान खान और सैम अयूब को पहली बार जगह मिली है।

## फुटबॉल मैत्रीपूर्ण मैच में डच महिलाओं ने इंडोनेशिया पर 15-0 से रिकॉर्ड जीत दर्ज की

द हेग (नीदरलैंड)। डच महिला फुटबॉल टीम ने नीदरलैंड के गेल्डरलैंड के एक नगर पालिका डोएटिनचेम में आयोजित मैत्रीपूर्ण मैच में इंडोनेशिया के खिलाफ रिकॉर्ड 15-0 की जीत के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।



नीदरलैंड की महिला टीम फीफा विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर है, जबकि इंडोनेशिया 104वें स्थान पर है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हाफटाइम तक स्कोर 6-0 था और मैच में अंतिम स्कोर 15-0 हो गया।

डच कोच एंड्रीज जोंकर ने दो नवोदित खिलाड़ियों, नीना निजस्टैड और लोटे केयूकेलार को शामिल किया, जिन्होंने दो-दो गोल करके प्रभाव डाला।

डच ने कुल 73.8 प्रतिशत बॉल पोजेशन का आनंद लिया और इंडोनेशियाई लड़कियों द्वारा 1 के मुकाबले गोल पर 63 शॉट लगाने का प्रयास किया। उनके प्रतिद्वंद्वियों के एक भी शॉट के मुकाबले उनके 27 शॉट निशाने पर थे। इस मैच से पहले, डच टीम की सबसे बड़ी जीत 2009 में उत्तरी मैसिडोनिया के खिलाफ 13-1 की जीत थी। उन्होंने 1977 में इज़राइल (12-0) और 2022 में साइप्रस (12-0) के खिलाफ 12 गोल के अंतर से उल्लेखनीय जीत भी दर्ज की थी। फुटबॉल देश के पसंदीदा खेलों में से एक होने के बावजूद, इंडोनेशिया की राष्ट्रीय टीमें एशिया की सबसे मजबूत टीमों में से नहीं हैं, खासकर इसकी महिला टीम। इंडोनेशिया में महिला फुटबॉल की कोई परंपरा नहीं है और पुरुष टीम के विपरीत, यह काफी पिछड़ा हुआ है, जिसकी टीम एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) रैंकिंग में निचले पायदान पर है।

## रोहित-विराट जैसे सीनियर्स की भी दीवाली छुट्टी कैंसिल!

नईदिल्ली। न्यूजीलैंड के साथ खेली जा रही टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया हार गई है. अब सीरीज का तीसरा व आखिरी मैच 1 नवंबर से खेला जाने वाला है. इस बीच सूत्रों के हवाले से खबर सामने आ रही है कि टेस्ट सीरीज हारने के बाद भारतीय टीम मैनेजमेंट काफी स्ट्रिक्ट हो गया है और 30-31 अक्टूबर को प्रैक्टिस सेशन अटैंड करना सभी के लिए कंपलसरी कर दिया गया है. ऐसे में दीवाली पर रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित पूरी टीम प्रैक्टिस करेगी, किसी को भी आराम नहीं दिया जाएगा. भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 1 नवंबर को शुरू होगा. मगर, इससे पहले 2 दिन टीम इंडिया के ट्रेनिंग सेशन होंगे, जिसमें मैनेजमेंट का मैसेज क्लीयर है कि सभी को इसमें शामिल होना जरूरी है. बताया जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली सहित किसी भी खिलाड़ी को ट्रेनिंग सेशन मिस करने की इजाजत नहीं है. यानी किसी भी खिलाड़ी को दीवाली के दिन भी आराम नहीं मिलने वाला है.



सूत्र का कहना है कि, टीम मैनेजमेंट ने खिलाड़ियों को 30 और 31 अक्टूबर को 2 दिन की प्रैक्टिस के लिए उपस्थित रहने के लिए कहा है. यह अनिवार्य है और कोई भी इसे छोड़ नहीं सकता. भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज का तीसरा व आखिरी मैच 1 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मैच में भारत जीत दर्ज कर सीरीज को 1-2 पर खत्म करना चाहेगी. हां, यदि भारत इस मैच को जीतता है, तो कहीं ना कहीं अपकमिंग बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के लिए टीम में कॉन्फिडेंस आएगा. इतना ही नहीं यदि भारत तीसरा टेस्ट जीतने में नाकाम होती है, तो उसके लिए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचना मुश्किल हो जाएगा.

## श्रीलंकाई नौसेना ने 12 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। श्रीलंका की नौसेना ने समुद्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में भारत के 12 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी नौका भी जब्त कर ली है। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा 12 और लोगों को गिरफ्तार किए जाने से द्वीपीय देश में इस साल ऐसी घटनाओं में पकड़े गए भारतीय नागरिकों की संख्या बढ़कर 462 हो गई है। श्रीलंका नौसेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया और उत्तरी प्रांत जाफना के प्वाइंट पेड्रो तट से उनकी नौका भी जब्त की गई है। इसमें बताया गया कि पकड़े गए 12 मछुआरों को कांकेसंथुराई बंदरगाह ले जाया गया और आगे की कार्रवाई के लिए उन्हें मैलाडी मत्स्य निरीक्षक को सौंप दिया जाएगा। बयान में कहा गया कि श्रीलंकाई नौसेना ने 2024 में अब तक द्वीप के समुद्री क्षेत्र में अवैध तौर पर मछली पकड़ने के आरोप में 462 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है और उनकी 62 नौकाओं को जब्त किया है। श्रीलंका के मत्स्य मंत्रालय ने बताया कि दोनों पड़ोसियों के बीच बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्या (मछुआरों द्वारा मछली पकड़ना) पर चर्चा करने के लिए 12 सदस्यीय भारतीय दल मंगलवार को यहां पहुंचेगा। दोनों देशों के मछुआरों को अनजाने में एक-दूसरे के समुद्री क्षेत्र में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार किया जाता है।

## मैक्सिको में बस दुर्घटना में 24 लोगों की मौत

नई दिल्ली। मैक्सिको के राज्य जाकाटेकास में बस हादसे में 24 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना शनिवार सुबह उस समय हुई, जब मकई ले जा रहे एक ट्रैक्टर ने बस को पीछे से टक्कर मार दी। बस चिहुआहुआ राज्य के सीमावर्ती शहर सियुदाद जुआरेज जा रही थी। जाकाटेकास के गवर्नर डेविड मोनरियल ने सोशल मीडिया पोस्ट में हताहतों की पुष्टि की और पीड़ितों को सहायता प्रदान करने का वादा किया। सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में बचाव दल और सुरक्षा बल शवों को निकालने का काम कर रहे थे।

यूरोप और एशिया की सीमा पर बसे देश जॉर्जिया में चुनाव पूरे हो चुके हैं। रविवार देर रात आई यूरो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक जॉर्जिया ड्रीम पार्टी ने इलेक्ट्रॉनिक मतों का 53 प्रतिशत हासिल कर लिया है। पार्टी ने बहुमत हासिल करने और चुनावों में जीत का दावा भी किया है। खबर के मुताबिक अब तक 90 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी है। 3.7 मिलियन की आबादी वाले इस दक्षिणी काकेशस देश के सियासी माहौल को देखते हुए यह जीत महत्वपूर्ण है। दावे से इतर अंतिम चुनाव परिणाम गैर-इलेक्ट्रॉनिक साधनों का उपयोग करके डाले गए वोटों की गिनती के बाद ही घोषित किए जाएंगे। रविवार की सुबह तक परिणाम सार्वजनिक किए जाने की संभावना है।

## ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने इस्राइल को धमकी दी, कहा...

तेहरान। ईरान ने हमलों के बाद बयान जारी कर बताया कि उनके हवाई सुरक्षा सिस्टम ने इस्राइल के हमले को नाकाम कर दिया। यही वजह है कि ईरान के सर्वोच्च नेता ने इस्राइल हमलों को लेकर कहा कि इन्हें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर नहीं पेश करना चाहिए और न ही इन्हें बहुत हल्के में लेना चाहिए। ईरान के सुप्रीम नेता अयातुल्ला खामेनेई ने इस्राइल को धमकी दी है और कहा है कि इस्राइल ने ईरान पर हमला कर गलती कर दी है। ईरान के सर्वोच्च नेता ने कहा कि इस्राइल को ईरानी लोगों की ताकत, दृढ़ संकल्प की ताकत समझानी होगी। खामेनेई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि शासन ने दो रात पहले गलत कदम उठाया है। हमें दृढ़ संकल्प, ईरानी लोगों की पहल और ताकत दिखानी होगी।



गौरतलब है कि इस्राइल हाल ही में ईरान पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों की पुष्टि इस्राइल और ईरान दोनों ने की थी। इस्राइल ने ये हमले ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए। हालांकि इन हमलों में हुए नुकसान के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिली है।

## प्रथम पेज का शेष

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-..*

पीएम मोदी ने एमिनेशन इंडस्ट्री की भूमिका को सराहा- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- साथियों, जब छोटा भीम शुरू हुआ तो बच्चों में गजब का उत्साह देखा गया। हमारा कृष्णा, मोटू पतलू और अन्य कार्टून कैरेक्टर दुनियाभर में फेमस हो रहे हैं। देश में क्रिएटिव एनर्जी की एक लहर चल रही है। एनिमेशन की दुनिया में मेड इन इंडिया और मेड वाय इंडिया छाया हुआ है। भारत के एनिमेशन स्टूडियो डिज्नी और दुनिया के बड़े एनिमेशन हाउस के साथ काम कर रहे हैं। इन दिनों ड्डक्र टूरिज्म भी काफी फेमस हो रहे हैं। वर्चुअल रिएलिटी के जरिए आप अजंता की गुफाओं को देख सकते हैं। वीआर वीडियो ने टूरिस्टों के मन में भारत के प्रति जिज्ञासा पैदा की है। कल 28 अक्टूबर को वर्ल्ड एनिमेशन डे मनाया जा रहा है। आप क्रिएटिविटी का संकल्प लीजिए, क्या पता अगला फेमस एनिमेशन कैरेक्टर या गेम आपके कंप्यूटर से निकले।

आत्मनिर्भर भारत 85 देशों को हथियार निर्यात कर रहा - पीएम मोदी ने कहा- आज भारत आत्मनिर्भर होने के साथ दुनिया के 85 देशों को हथियार निर्यात कर रहा है। आत्मनिर्भरता का यह अभियान कोई सरकारी नहीं है, इसमें आप सभी नागरिकों का सहयोग मिल रहा है। आज भारत एशिया का पहला देश है, जिसने लद्दाख जैसे ऊंचे और ठंडे इलाके में टेलिस्कोप सेटअप किया है। आप सभी त्योहारों के सीजन में वोकल फॉर लोकल को प्रमोट करें। आज भारत लोकल फॉर ग्लोबल बन चुका है। दुनियाभर में हमारे कुछ खास प्रोडक्ट्स की मांग तेजी से बढ़ती जा रही है। फेस्टिव सीजन में स्थानीय दुकानदारों का ध्यान रखें- पीएम मोदी- प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बार दो महान विभूतियों भगवान बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जन्म जयंती मनाने का फैसला लिया है। देशवासी सरदार पटेल और बिरसा मुंडा के कार्यों को याद करने के लिए सोशल मीडिया पर हैशटैक इस्तेमाल करें। इस बार 31 अक्टूबर को दीपावली का पर्व भी है। इस एकता दिवस पर हम रन फॉर यूनिटी मैराथन में शामिल होने का संकल्प लें। आप सभी को दिवाली, छठ पूजा, गुरुनानक जयंती की शुभकामनाएं। त्योहारी सीजन में स्थानीय दुकानदारों का विशेष ध्यान रखें।

*मुंबई में रेलवे स्टेशन पर भगदड़...*

लेकिन रात को ही ट्रेन प्लेटफार्म पर लग गई थी। मुंबई पुलिस ने मीडिया को जानकारी दी कि बांद्रा टर्मिनस के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर भगदड़ मची। ट्रेन नंबर 22921 बांद्रा-गोरखपुर एक्सप्रेस में लोगों को चढ़ना था। उत्तरप्रदेश और बिहार के लोग दिवाली और छठ पूजा के मौके पर अपने घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर आए थे। इसलिए भीड़ हो गई और ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में भगदड़ मच गई। घायलों की शिनाख्त 40 वर्षीय शब्बीर अब्दुल रहमान, 28 वर्षीय परमेश्वर सुखदार गुप्ता, 30 वर्षीय रवींद्र हरिहर चुमा, 29 वर्षीय रामसेवक रवींद्र प्रसाद प्रजापति, 27 वर्षीय संजय तिलकराम कांगय, 18 साल के दिव्यांशु योगेंद्र यादव, 25 साल के मोहम्मद शरीफ शेख, 19 साल के इंद्रजीत साहनी और 18 साल के नूर मोहम्मद शेख के रूप में हुई। त्योहार पर घर जाने के लिए उमड़े थे लोग- बता दें कि दिवाली त्योहार आने वाला है और उसके बाद छठ पूजा है। दूसरे राज्यों में काम करने के लिए आने वाले उत्तर प्रदेश, बिहार के लोग दोनों त्योहारों पर अपने घर जाते हैं। इस दौरान रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड पर भारी भीड़ देखने को मिलती है। ऐसी ही भीड़ शनिवार देरात मुंबई बांद्रा टर्मिनस पर जुटी, लेकिन ट्रेन छूटने के डर से लोग धक्का मुक्की करते हुए ट्रेन में चढ़ने लगे, इस दौरान भगदड़ मची।

*'शिवसेना ने जारी की 20 प्रत्याशियों ..*

पार्टी भाजपा और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस (एनसीपी) के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव में उतरी है। 20 नवंबर को राज्य की सभी 288 विधानसभा सीटों पर एक चरण में मतदान है। 23 नवंबर को महाराष्ट्र की सत्ता पर कौन काबिज होगा.. इसका ऐलान हो जाएगा।

*सीपी के पालिका बाजार से 2 जाइनीज ..*

फ़ोन का डिस्प्ले 'नो नेटवर्क' दिखाने लगता है. जैमर की वजह से आस-पास के लोगों के मोबाइल टावर से कनेक्शन नहीं हो पाता है. साथ ही इस वजह से ऑनलाइन होने वाले सारे काम ठप हो जाते हैं. किसी वारदात के लिए इस्तेमाल हुआ तो वहां का कम्युनिकेशन भी ठप हो जाता है और वारदात वाली जगह क्या कम्युनिकेशन हुआ उसे ट्रैक कर पाना मुश्किल हो जाता है.

*मिठाई के नाम पर बेचा जा रहा...*

और यहां की मिठाई के सैंपल लिए गए है. वहीं रहवासी इलाके में बंद कमरे में बिना अनुमति के अवैध कारखाना चलाने पर कानूनी कार्रवाई की गई है. मिठाई कारखाने के दस्तावेजों की जांच की जा रही है.'

6 क्विंटल मावा व मिठाई जब्त- जूही ने आगे बताया, ''सूचना मिली थी कि यहां पर अमानक स्तर की मिठाई बेंची जा रही है. इसी सूचना पर हमने दुकान संचालक के मकान से करीब 3 क्विंटल मावा जब्त किया है. इस दुकान के फ्रीजर में भारी मात्रा में मिठाई स्टोर करके रखी गई थी. मिठाइयां अमानक प्रतीत होने पर सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं. दुकान में मिठाई बनाने के लिए व्यावसायिक सिलेंडर की जगह घरेलू सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा था. इसलिए यहां से घरेलू गैस सिलेंडरों की भी जब्त किया गया है. करीब 3 क्विंटल मावा व मिठाई इनकी दुकान में भी मिला है. इनके पास मावा के खरीददारी का कोई भी बिल नहीं है.

*श्रीश्री रविशंकर को मिला सर्वोच्च...*

फिजी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'ऑर्डर ऑफ फिजी' के मानद अधिकारी का सम्मान पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं राष्ट्रपति और फिजी के लोगों को धन्यवाद देता हूं।÷ श्रीश्री रविशंकर को सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार प्रदान करने वाला फिजी छठा देश बन गया है, जो 'द आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' के माध्यम से वैश्विक स्तर पर उनके मानवीय कार्यों के व्यापक दायरे को मान्यता देता है। श्रीश्री रविशंकर ने 1981 में 'आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन' की स्थापना की थी, इस फाउंडेशन का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण, महिला एवं युवा सशक्तीकरण, तनाव मुक्ति एवं ध्यान कार्यक्रमों के क्षेत्रों में अपनी बहुमुखी सेवा पहलों के माध्यम से खुशी और सद्भाव फैलाना था।

वर्तमान में, इस स्वयंसेवी आधारित मानवीय एवं गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के केंद्र 180 से अधिक देशों में कार्यरत हैं। फिजी यात्रा के दौरान, श्रीश्री रविशंकर ने फिजी के उप प्रधानमंत्री विलियम गावोका और फिजी में संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर डर्क वैगनर सहित राज्य के गणमान्य व्यक्तियों के साथ भी बातचीत की। नेताओं ने इस बात पर चर्चा की कि किस प्रकार 'आर्ट ऑफ लिविंग' युवाओं को सशक्त बनाकर, स्थानीय समुदायों के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार लाकर तथा उन्हें आयुर्वेद के शाश्वत ज्ञान से परिचित कराकर द्वीप राष्ट्र की समग्र प्रगति में योगदान दे सकता है। आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक ने फिजी में भारत के उच्चायुक्त पीएस कार्तिगेयन द्वारा इंडिया हाउस में आयोजित स्वागत समारोह में भी भाग लिया और कई गणमान्य व्यक्तियों के साथ बातचीत की।

*इधर ईरान ने इजराइल पर बरसाई....*

ईरान-इजराइल के मौजूदा संघर्ष से क्रूड ऑयल की सप्लाई चेन को लेकर चिंताएं पैदा हो गई हैं। क्योंकि मिडिल ईस्ट से दुनिया के एक तिहाई क्रूड ऑयल की सप्लाई होती है। एक्सपर्ट्स के अनुसार, ऑयल मार्केट भू-राजनीतिक तनाव को लेकर काफी संवेदनशील होता है। ऐसे में तनाव बढ़ने पर कीमतों में तेज उछाल देखने को मिल सकता है। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें क्रूड ऑयल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर निर्भर करती हैं। अगर कच्चे तेल के दाम तेजी से आगे बढ़ते हैं, तो भविष्य में पेट्रोल-डीजल की कीमतें भी प्रभावित हो सकती हैं।

*मोतियाबिंद ऑपरेशन में गड़बड़ी....*

जयसवाल ने आगे कहा कि, अगर मामले में कोई दोषी होगा तो उस पर सख्त कार्रवाई भी करेंगे। ये वजह आई सामने, बंद थी ओटी- बताया जा रहा है कि दंतेवाड़ा जिला अस्पताल के जिस ओटी में ऑपरेशन कराया गया है। वह ओटी पिछले एक साल से बंद थी। जहां ऑपरेशन थियेटर को सेनिटाइज करने में मेडिकल प्रोटोकॉल का पालन भी नहीं किया गया, यह भी आरोप लगाए जा रहे हैं। वहीं विशेषज्ञ बताते हैं कि ओटी को पहले फार्मेल्डिहाइड फ्यूमीगेशन करवाना था। इसके बाद कम से कम 48 घंटे तक इसे बंद रखा जाना था। जबकि ऐसा नहीं किया। फ्यूमीगेशन के कुछ समय बाद ओटी खोल दिया गया। जबकि ओटी कल्चर टेस्ट कराया जाना था, नहीं कराया गया।

# ठाकुरटोला में आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 492 आवेदन में से 160 आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण

छुईखदान (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान हो रहा है। पहले जिस समस्याओं को लेकर आवेदन करने जिला जाना पड़ता था वह शासन प्रशासन लोगों के घर तक पहुंच रहा है और नागरिकगण अपनी समस्याओं के निदान के साथ ही सरकारी सेवाओं का लाभ ले रहें है। इसी तारतम्य में कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा के निर्देशन में ग्रामीणों की मांग एवं समस्याओं के समाधान तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ देने के लिए जिले जनपद पंचायत छुईखदान के ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्थानीय सहित आस-पास गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। आयोजित जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में 492 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से 160 आवेदनों का मौके पर निराकरण कर दिया गया है। इसी प्रकार 332 लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया है।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से हो रहा लोगों की समस्याओं का समाधान

जन समस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए उपस्थित अतिथियों ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से एक मंच में सभी विभागीय योजनाओं को जानकारी मिल रही है और आम जनता की समस्याओं का निराकरण हो रहा है। अतिथियों ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन देकर निराकरण कराने की दिशा में आगे बड़े, साथ यह भी कहा कि जो आवेदन प्राप्त हो रहे है उनका समय सीमा के भीतर निदान किया जाए। टीम वर्क से शासन की योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है।

शिविर में कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, आयुर्वेद विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्ही मांग एवं समस्याएं सुनकर निराकरण करने की प्रक्रिया अपनाई गई। शिविर में बच्चों का अन्नप्राशन, जाति प्रमाण पत्र का वितरण, मत्स्य पालन विभाग, समाजकल्याण विभाग सहित अन्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र एवं उपकरण वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक श्रीमती यशोदा वर्मा, राजनांदगाव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू, जनपद उपाध्यक्ष ललित महोबिया, खम्मन ताम्रकार, रामकुमार पटेल, मोतीलाल जंघेल, रोहित पुलत्स्य अपर कलेक्टर प्रेमकुमार पटेल, संयुक्त कलेक्टर एवं छुईखदान अनुविभागीय अधिकारी सुरेंद्र कुमार ठाकुर, प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर पूजा पिंचा, छुईखदान जनपद पंचायत सीईओ रवि कुमार सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिकगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# घुमका को जल्द नगर पंचायत बनाने उप मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**घुमका (दावा)। 27 अक्टूबर गौरव ग्राम घुमका के सैकड़ों नागरिक 26 अक्टूबर को घुमका को नगर पंचायत के निर्माण की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराने की मांग को लेकर रायपुर पहुँचे जहाँ उन्होंने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। श्री साव ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मांग पूरी की जाएगी।**

ज्ञात हो कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में घुमका को नगर पंचायत बनाने की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई थी जिसका राजपत्र में प्रकाशन भी हो चुका है साथ ही दावा आपत्ति की प्रक्रिया भी प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है किंतु आगामी चुनाव की तैयारियों में घुमका की स्थिति अब तक स्पष्ट नहीं है कि यहाँ नगर पंचायत चुनाव होगा या नहीं, जिससे



जनप्रतिनिधिगण के साथ ग्रामवासी भी पेशोपेश में है। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने सरकार से नगर पंचायत चुनाव की स्थिति स्पष्ट करने मांग करते हुए घुमका को जल्द नगर पंचायत बनाने की मांग की है। इस अवसर पर सरपंच श्रीमति फूलमती वर्मा, जयकुमार वर्मा, पीयूष दुबे, जनपद सदस्य दिलीप पटेल, नोहेंद्र सिन्हा, प्रहलाद यादव, नूनकरन वर्मा, छन्नू आडिल, गंगेश्वर वर्मा, रूपनारायण साहू, लछ्मण वर्मा, फागु यादव, दानी वर्मा, सूरज पात्रे, कैलाश बघेल, अवध वर्मा, अश्वनी वर्मा, उत्तम वर्मा, कमली बाई माहरा पाटीला, राधेस्याम वर्मा, तामेश्वर वर्मा, कन्हैया सेन, आदि मौजूद रहे।

# दपूमं रेलवे के स्काउट गाइड ने मनाया फैलोशिप डे




**डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे स्काउट गाइड फैलोशिप जिला नागपुर द्वारा दिनांक 25 अक्टूबर को फेलोशिप डे के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि ग्रुप के उपाध्यक्ष व पूर्व ऑफिस अधीक्षक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अभियांत्रिकी विभाग श्यामलाल साहू की उपस्थिति में किया गया।**

फेलोशिप को और अधिक विस्तृत रूप से लोगों के समक्ष प्रसारित करने व साहसिक अभियान कार्यक्रम जो दिसंबर में होने वाला है संबंधी हेतु चर्चा की गई। यह कार्यक्रम देवेंद्र कुमार साखरे के निर्देशन में ग्रुप के सभी सदस्य की उपस्थिति में किया गया, जिसमें शंकर वर्मा चंद्रशेखर साखरे, गोविंद राव, संजय कुमार सरजारे व श्रीमती भूमिका मोडघरें, श्रीमती इंदिरा साखरे, श्रीमती, नलिनी, श्रीमती अनुराधा वर्मा व कुमारी सोनाली संगोडे व सुनील बिसेन उपस्थित थे।

# नेहरु महाविद्यालय में कैरियर गाईडेंस पर व्याख्यान आयोजित

**डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई.व्ही.रेवती के दिशा-निर्देशन में आपसी सहयोग एवं समन्वय (एम.ओ.यू.) के तहत 22 अक्टूबर को कैरियर गाइडेंस सेल एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।**




वक्ताओं ने कौशल विकास एवं चरित्र निर्माण पर दिया जोर

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दुर्ग के सहायक प्राध्यापक अभिषेक चक्रवर्ती एवं नैसकॉम, रोजगार एवं कैरियर गाइडेंस उ.प्र. के उपप्रबंधक के. श्रीनू उप प्रबंधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन व अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत से किया गया।

ओमप्रकाश वर्मा, सहायक प्राध्यापक रसायनशास्त्र ने विस्तारपूर्वक कार्यक्रम के रूपरेखा बतायी। सहा. प्राध्या. वाणिज्य जी.के. यादव ने रोजगारयुक्त शिक्षा के लिए प्रेरित किया।

आइक्यूएसी प्रभारी एवं अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. आर.आर. कोचे ने महाविद्यालय की एल्यूमिनी की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी एवं कार्यशाला के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ.अभिषेक चक्रवर्ती ने रोल ऑफ पर्सनालिटी, एटीट्यूड और मोटिवेशन इन स्किल बेस्ड हायरिंग विषय पर व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने कौशल विकास एवं चरित्र निर्माण पर जोर दिया।

मुख्य वक्ता के. श्रीनू ने एंप्लॉयमेंट एंड करियर गाइडेंस विषय पर व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने बताया कि नैसकॉम भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन कार्यरत हैं जिसमें टेक्नोलॉजी पर अलग-अलग प्रकार के फ्री सर्टिफिकेट कोर्स की सुविधा उपलब्ध है जिसे पूर्ण करके तकनीक के क्षेत्र में एक बेहतर भविष्य बना सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का महाविद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का कुशल संचालन सहा.प्राध्या. प्रभात बैस एवं आभार प्रदर्शन बेदप्रकाश साहू ने किया।

# दिग्विजय महाविद्यालय में संयुक्त राष्ट्रसंघ स्थापना दिवस का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा 24 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र संघ स्थापना दिवस का आयोजन प्राचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ.अंजना ठाकुर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में किया गया।

प्राचार्य द्वारा संयुक्त राष्ट्रसंघ के उद्देश्य एवं वर्तमान में प्रसांगिकता को स्पष्ट किया गया। विभाग के प्राध्यापक डॉ.अमिता बख्शी द्वारा संयुक्त राष्ट्रसंघ द्वारा विश्व मानव अधिकार के संरक्षण को समझाया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ.राजकुमार बंजारे व दीपक कुमार एवं अभार प्रदर्शन प्रो.संजय सप्तर्षि द्वारा किया गया, जिसमें विभाग के छात्र-छात्राओं की सहभागिता सराहनीय रहा।

# सरकार किसानों को धान की बकाया राशि का भुगतान करें - विष्णु लोधी

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता, विष्णु लोधी ने राज्य सरकार से किसानों के हित में जल्द से जल्द राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी और अंतिम किस्त का भुगतान करने की मांग की है।



उन्होंने कहा सरकार ने अब तक किसानों को उनका हक नहीं दिया है, जिससे किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। दीपावली से पहले किसानों को बकाया राशि का भुगतान होने से वे अपने परिवार के साथ त्योहार को अच्छे से मना सकेंगे। यदि सरकार समय पर भुगतान नहीं करती, तो किसानों को त्योहार में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा, जिससे उनके उत्सव का आनंद फीका हो जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार पर किसानों का लगभग 1600 करोड़ रुपये बकाया है। साथ ही, धान खरीदी की तिथि 1 नवंबर से बढ़ाकर 14 नवंबर कर देने के निर्णय से भी किसानों की आर्थिक स्थिति और ज्यादा बिगड़ गई है। इस देरी से किसानों का त्योहार फिंका हो गया है और किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। विष्णु लोधी ने अपील की कि सरकार किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए दीपावली से पूर्व सभी बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करे, ताकि किसान भी खुशी और सम्मान के साथ अपना त्योहार मना सकें।

# फसलों में कीटप्रकोप : कृषि विभाग की टीम पहुंची ग्राम घुमका

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम घुमका के कृषकों द्वारा फसल में कीटप्रकोप के संबंध में प्राप्त शिकायत पर तत्काल संज्ञान लिया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय द्वारा ग्राम घुमका के कृषकों के फसल का निरीक्षण करने के लिए डायग्नोस्टिक टीम गठित की गई। गठित डायग्नोस्टिक टीम में सहायक संचालक कृषि डॉ. वीरेन्द्र अनंत, कीट वैज्ञानिक कृषि महाविद्यालय सुरगी डॉ. मनोज चन्द्राकर, सहायक संचालक कृषि संजय राय, शस्य वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी मनीष सिंह, कृषि विकास अधिकारी अविनाश दुबे, ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी घुमका भरत लाल उईके शामिल थे।

डायग्नोस्टिक टीम द्वारा ग्राम घुमका पहुंचकर कृषकों के धान फसल का निरीक्षण कर कीट नियंत्रण के लिए तकनीकी सलाह दी गई। टीम द्वारा कृषक श्रीमती ठगिया बाई साहू के धान फसल खेत का निरीक्षण किया गया। जिसमें भूरा माहू के प्रकोप से आर्थिक क्षति स्तर से अधिक पाई गई। कृषक मोहेन्द्र सिन्हा, केदार वर्मा एवं दीपक वर्मा के स्वर्णा मासूरी धान का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पेनीकल माइटस (मकड़ी), तना छेदक, भूरा माहू, शीथ ब्लाईट एवं ब्लास्ट, कीट पतंगे एवं बीमारियों के प्रकोप से क्षति पाई गई। ग्राम घुमका के ग्रामीणों ने बताया कि बालीचुहरी खार, गांवखार, महरूमबाट खार, बड़े तरीया खार, मौहारी खार, डुमराही खार एवं भटगांवबाट खार में कीट पतंगे एवं अन्य बीमारियों से मासूरी धान की फसल को नुकसान हुआ है।



धान की फसल में पेनीकल माइटस मकड़ी एवं कीट नियंत्रण के लिए दी गई तकनीकी सलाह
लगातार धान की फसल लेने से भी बढ़ता है पेनिकल माइटस का प्रकोप
किसानों को फसल विविधीकरण अपनाने के लिए दी गई सलाह

टीम द्वारा खेतों के मुआयना के बाद ग्राम पंचायत भवन घुमका में सरपंच, जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और धान फसल में लगने वाले कीट व्याधी बीमारियों की जानकारी दी गई। कीट वैज्ञानिक डॉ. मनोज चन्द्राकर द्वारा धान फसल में लगने वाले कीट व्याधी के बारे में बताया।

सहायक संचालक कृषि डॉ. वीरेन्द्र अनंत ने बताया कि पेनिकल माइटस मकड़ी सूक्ष्म अष्टपादी (आठ पैर) वाले जीव है। इसका आकार 0.2 से 1 मिमी, शरीर पारदर्शी धूसर क्रीम रंग का होता है। पूरा जीवन चक्र 10 से 13 दिन का होता है। अनुकूल परिस्थितियां पेनिकल माइट 25.5 से 27.5 सेमी तापमान व 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत आर्दता यानी अधिक तापमान व कम बारिश में बढ़ती है। लगातार धान की फसल लेने से भी इसे बढ़वार देता है। उन्होंने बताया कि पेनिकल माइटस मुख्य धान के पत्ती के भीतर लीफ शीथ से रस चूसती है। जिससे लीफ शीथ, बदरंग भूरा हो जाना, पत्तियों में छोटे भूरे धब्बे बनना, दाने कत्थई व दूध भराव रहित होकर पोचे या बदरा रह जाते है। बालियों के दाने तोते की चोंच जैसा आकार ले लेते है, जिसे पैरट बीकिंग कहते हैं। पेनिकल माइट के नुकसान वाली जगह पर कीट आघात से फफूंद विकसित हो जाता है, जिससे बीमारी होती है। इसके प्रबंधन व नियंत्रण के लिए उर्वरकों (विशेषकर नत्रजन उर्वरकों) का संतुलित उपयोग करें। सही फसल चक्र विशेषकर दलहनी एवं तिलहनी फसलों के साथ पेनिकल माइट नियंत्रण में प्रभावी है। प्रभावी निगरानी करें, खासकर लीफ शीथ को खोलकर देखें। यह माइट धान पौधों के शीथ के अंदर छिपा रहता है, इसलिए उसका रासायनिक उपचार कठिन होता है, लेकिन कुछ पेस्टीसाइड्स में माइटीसाइड्स के गुण होते है, जिसका उपयोग कर सकते हैं। जैसे-स्पाइरोमेसिफेन 240 एससी का 250 मिली प्रति एकड़ या क्लोरफेनपायर 10 एससी का 150-200 मिली प्रति एकड़ छिड़काव करें। साथ ही कवकनाशी जैसे-हेक्साकोनाजोल 5 प्रतिशत ईसी को 1000 मिली या प्रोपिकोनाजोल 25 प्रतिशत ईसी का 200 मिली एकड़ की दर से छिड़काव करें।

# कलेक्टर ने किसानों से कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों को लगाने के लिए की अपील

राजनांदगांव (दावा)। जल अमूल्य है, अमृत है और हमारे जीवन के लिए तथा सृष्टि के हर एक प्राणी के लिए आवश्यक है। जल संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा जनसहभागिता से मिशन जल रक्षा अभियान मिशन मोड में चलाया जा रहा है। ग्लोबल वार्मिंग, भू-जल का अत्यधिक दोहन एवं विभिन्न कारणों से राजनांदगांव जिले में घटते हुए जल स्तर ने विकासखंड राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं डोंगरगढ़ में चिंताजनक स्थिति निर्मित की है। इन क्षेत्रों में भू-जल के अत्यधिक दोहन के कारण जल संकट की स्थिति बन सकती है। ऐसी चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है सजगता, ताकि हमारे आने वाली पीढियों के लिए जल संकट की स्थिति नहीं बने। इसके लिए अभी से सशक्त कदम उठाने होंगे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने रबी सीजन में कम पानी की आवश्यकता वाली फसल लगाने के लिए किसानों से अपील की है। धान की फसल में पानी की ज्यादा जरूरत होती है। किसानों को मक्का, कोदो, कुटकी, दलहन, तिलहन, सब्जी, फूल-फल की उद्यानिकी फसलें एवं लघु धान्य फसल लेना चाहिए। इससे जल संरक्षित हो सकेगा। जिन क्षेत्रों में भू-जल स्तर में अत्यधिक गिरावट आई है, वहां विशेष प्रयास एवं कार्य करने होंगे। जिसके लिए सभी किसानों के सहयोग एवं जागरूकता की जरूरत होगी। विचारों में परिवर्तन करते हुए फसल विविधीकरण के लिए कदम बढ़ाने की जरूरत है, ताकि हमें समाधान मिल सके। निश्चित ही यह हमारी भावी पीढ़ी के लिए महत्वपूर्ण कार्य होगा।

इस हेतु जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में फरवरी 2024 से निरंतर कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला एवं संगोष्ठियों के माध्यम से कृषकों को जागरूक कर ग्रीष्मकालीन धान की तुलना में लाभकारी फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। 1 अक्टूबर 2024 से कुल 511 ग्रामों में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारीवार शिविर आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें किसान संगवारी के साथ ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधि एवं कृषकों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

मक्का, गन्ना, कपास, लघु धान्य फसल रागी की फसल में असीम संभावनाएं-

जिला में 2 मक्का प्रसंस्करण से संबंधित उद्योग पूर्व से ही स्थापित है एवं वृहद मात्रा में



जल अमूल्य है, अमृत है, जीवन व सृष्टि के हर एक प्राणी के लिए आवश्यक
भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन होने के कारण बन सकती है जलसंकट की स्थिति
जल संरक्षण के प्रति सजगता ही समाधान

मक्का का उर्पाजन एवं प्रसंस्करण संचालित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन उद्योगों के लिए लगभग 75 प्रतिशत कच्चा माल अन्य राज्य बिहार, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र एवं आन्ध्रप्रदेश से मांग करने की आवश्यकता होती है। अतः मक्का खेती के उपरांत उपज के विक्रय की असीम संभावना है। विस्तृत क्षेत्र में मक्का क्षेत्राच्छादन विपुल उत्पादन कर क्षेत्र मक्का जिला घोषित किया जा सकता है।

राजनांदगांव जिला के राजनांदगांव, डोंगरगांव एवं छुरिया ब्लाक, जिला-बालोद के सीमावर्ती विकासखंड हैं। मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना, करकाभाठ जिला-बालोद में कुल आपूर्ति 69175 मिट्रिक टन में से 55929 मिट्रिक टन गन्ना की आपूर्ति की जाती है। शेष 13247 मिट्रिक टन अन्य जिलों से पूर्ति की जा रही हैं। सीमावर्ती विकासखंडों के कुछ कृषक गन्ना की खेती कर इसका लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इन विकासखंडों में ड्रिप सिंचाई पद्धति से गन्ना की खेती को प्रोत्साहित कर ग्रीष्मकालीन धान को प्रतिस्थापित करने की रणनीति तैयार की जा रही है। बहुवर्षीय फसल होने के कारण गन्ना की खेती से धान की फसल को 3 वर्ष के लिए प्रतिस्थापित किया जा सकता है। ग्रीष्मकाल में शीतल पेय की अत्यधिक मांग है। गन्ना रस जैसे पौष्टिक औषधीय, शीतल पेय पर्याप्त उपलब्ध नहीं होने के कारण जनसामान्य कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स पीने को विवश होते हैं। विशेषकर डोंगरगढ़ जैसे धार्मिक तीर्थ स्थलों में लाखों की संख्या में तीर्थ यात्रियों के प्रवास के कारण गन्ना रस के शीतल पेय के विपणन की असीम संभावनाएं हैं। इसी तरह अन्य विकासखंडों में भी इसकी संभावनाएं है।

इंटरनेशनल मिलेट ईयर 2023 के दौरान लघुधान्य फसल रागी के सघन प्रचार-प्रसार के फलस्वरूप कृषकों द्वारा ग्रीष्मकालीन रागी की सफलतापूर्वक खेती की गई, जिसका कृषकों को लाभ प्राप्त हुआ एवं ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर इस पोषक अनाज या न्यूट्रिसिरियल की खेती की जा रही है। आधुनिक जीवन शैली में या हुए मधुमेह, कार्डियोवस्कूलर, ऑस्टियोपोरोसीस, कैंसर, अल्सर एवं मोटापा या ओबेसिटी जैसी बीमारियों के लिए औषधीय एवं सामान्यजनों के लिए पोषक तत्व-कैल्शियम, फास्फोरस, मैगनीज, आयरन, कापर, बोरान, जिंक एवं एमिनोएसिड्स, फाईटोकेमिकल्स से भरपूर होने के कारण इसकी दिन प्रतिदिन मांग बढ़ती जा रही हैं। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर रागी की फसल की खेती को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला राजनांदगांव से प्राप्त मिट्टी नमूनों के विश्लेषण के आधार पर जिले में विश्लेषित कुल 23782 नमूनों में से 554 नमूनें तीव्र अम्लीय (5.5 पीएच से कम) एवं 6365 नमूनें मध्यम अम्लीय तथा 31 नमूने तीव्र क्षारीय 8871 नमूनें मध्यम क्षारीय (7.1 से 8.5 पी.एच.) प्राप्त हुए है। तीव्र अम्लीय या तीव्र क्षारीय भूमि में हर एक सामान्य फसल की खेती करने से अपेक्षित उपज नहीं मिल पाती है। अतः तीव्र अम्लीय वाले खेतों में भूमि सुधारक का उपयोग कर अनानास, टेपिओक एवं गाजर जैसी फसलें एवं तीव्र क्षारीय भूमि में भूमि सुधारक का उपयोग करके कपास एवं ज्वार की खेती की जा सकती है। इस विषय पर कृषकों को प्रशिक्षित कर वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर फसल विविधीकरण की दिशा में गहन तकनीकी मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

# राजनांदगाव में शूट करेगी 'पंचायत' वेबसीरीज की टीम : सीएम साय से की मुलाकात, ग्राम-चिकित्सालय होगा नया प्रोजेक्ट

रायपुर(दावा)। 'पंचायत' वेब सीरीज की टीम अपने नए प्रोजेक्ट 'ग्राम-चिकित्सालय' की शूटिंग राजनांदगाव में करने वाली है। रविवार को टीम के सदस्यों ने सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात की। जहां सीएम ने वेब सीरीज ग्राम-चिकित्सालय के मुहूर्त-शॉट का क्लैप दिया।



टीम ने सीएम को बताया कि उनका पिछला प्रोजेक्ट प्रसिद्ध 'पंचायत' सीरीज था, जो की काफी पॉपुलर रहा। लेकिन अब हम वेब सीरीज 'ग्राम-चिकित्सालय' की शूटिंग राजनांदगाव में करने जा रहे हैं।

### राजनांदगाव में होगी शूटिंग

वेब सीरीज की टीम ने सीएम श्री साय को बताया कि, उनके 'पंचायत' सहित अन्य प्रोजेक्ट्स की शूटिंग मध्यप्रदेश में हुई है। मगर इस बार वेब सीरीज 'ग्राम-चिकित्सालय' की कहानी के लिए जैसी लोकेशंस ढूंढी जा रही थीं, उसकी तलाश राजनांदगांव में जाकर खत्म हुई। छत्तीसगढ़ ही बहुत सुंदर है और यहां सिनेमेटिक ब्यूटी बिखरी हुई है।

हमें उम्मीद है कि, यहां फिल्माई जा रही यह वेब सीरीज भी 'पंचायत' की ही तरह सफल रहेगी। टीम ने आगे बताया कि, सीरीज में छत्तीसगढ़ के लोकल टैलेंट को भी कास्ट किया जा रहा है। यहां बहुत प्रतिभाशाली कलाकार हैं जिनका उपयोग हम कर रहे हैं। इसलिए थियेटर से जुड़े कलाकारों सहित स्थानीय लोगों को सेलेक्ट किया गया है। लगभग एक महीने यहां शूट चलेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्कृति विभाग के संचालक विवेक आचार्य, द वायरल फीवर (टीवीएफ) के फाउंडर और ओनर अरुणाभ कुमार, डायरेक्टर दीपक मिश्रा, एग्जेक्युटिव प्रोड्यूसर गणेश शेट्टी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### सीएम साय बोले- हमारी सरकार फिल्म निर्माण को दे रही बढ़ावा

सीएम विष्णुदेव साय ने वेब सीरीज की टीम से कहा कि, हमारी सरकार छत्तीसगढ़ में फिल्म निर्माण को लगातार बढ़ावा दे रही है। हमारा प्रयास है कि, छत्तीसगढ़ फिल्म शूटिंग के हब के रूप में उभरे। नई फिल्म नीति के तहत छत्तीसगढ़ में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहन देने के लिए कई प्रावधान किए गए हैं। राज्य में फिल्म सिटी स्थापित करने की दिशा में भी हम बढ़ रहे हैं। फिल्म सिटी के माध्यम से न सिर्फ स्थानीय कलाकारों को प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा बल्कि बड़ी संख्या में रोजगार का भी सृजन होगा।

# मोदी के मन की बात में बस्तर का जिक्र : अबूझमाड़िया लोककला को बचाने में जुटे बुटलूराम माथरा की सराहना की



रायपुर। पीएम नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 115वें एपिसोड में छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के बुटलूराम माथरा का जिक्र किया। बुटलूराम माथरा लोक कला को बचाने और उसे आगे ब?ने के लिए सालों से काम कर रहे हैं। पीएम मोदी की सराहना करने के बाद उनकी यह मेहनत राष्ट्रीय मंच पर चमक उठी है। वहीं सीएम साय ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, हमारी सरकार माथरा जी के प्रयासों को बढ़ावा देगी।

पीएम मोदी ने मन की बात में बुटलूराम जी की कहानी साझा करते हुए बताया कि, वे पिछले चार दशकों से अबूझमाड़िया जनजाति की अनूठी लोक कला को बचाने और आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयासरत है। बुटलूराम जी ने लोक कला की उन धरोहरों को सहेज कर रखा है, जिनमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति की गूंज है। पीएम की यह सराहना, उस समर्पण की गवाही थी जो बुटलूराम जी ने अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए दी है। जिससे न केवल छत्तीसगढ़ का नाम रोशन हुआ है, बल्कि पूरी दुनिया के सामने उसकी विशिष्टता भी उभरी है।

### हमारी सरकार माथरा जी के प्रयासों को बढ़ावा देगी- सीएम साय

विष्णु देव साय ने पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा लोक कला के संरक्षण और संवर्धन में जुटे बुटलूराम माथरा की सराहना किए जाने पर प्रसन्नता जताई है। सीएम साय ने कहा कि, यह अच्छी बात है कि, पीएम जी ने लोक कला के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे कलाकारों की प्रशंसा की है। बुटलूराम माथरा जी ने लोक कला को संरक्षित करने की दिशा में बहुत अच्छा काम किया है। आगे सीएम साय ने कहा कि, माथरा जी ने पीएम मोदी जी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और स्वच्छ भारत को आगे बढ़ाने की दिशा में बड़ा काम भी किया है। हमारी सरकार माथरा जी के प्रयासों को बढ़ावा देगी।

# प्रफुल परमार कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष बने



राजनांदगांव (दावा)। कच्छ गुर्जर क्षत्रिय समाज ट्रस्ट में आज संपन्न हुवे नए अध्यक्ष के चुनाव में समाजसेवी, कुशल उद्योगपति, प्रफुल परमार निर्विरोध अध्यक्ष बने। आपकी इस पद पर नियुक्ति से पूरे समाज में एक खुशी की लहर छा गई।

श्री परमार राष्ट्रीय संस्था महासभा में वर्तमान सत्र के सलाहकार अध्यक्ष है। इसके पूर्व वे इसी संस्था के अध्यक्ष रहते सामाजिक सेवा में राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम लहराते अमूल्य योगदान दिया। परमार की सामाजिक सेवाभाव के एक नहीं अनेक रूप देखने मिलते है, वे गुजराती शिक्षण संघ के अध्यक्ष भी रह चुके है एवं अशोका इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर भी रहे है। स्थानीय कच्छ गुर्जर समाज के अध्यक्षीय कार्यकाल में समाज भवन का निर्माण कार्य और अनेक सामाजिक गतिविधियों को आगे बढ़ाया।

गायत्री परिवार की संस्था के साथ नगर की अनेक संस्था से जुड़कर अनवरत सेवा प्रदान कर रहे है। ट्रस्ट के अध्यक्ष बनने पर समाज की प्रगति की अनेक योजनाओं को साकार करने वे कृतसंकल्पि है। आपके कार्यकाल में समाज नई ऊंचाइयों में पहुंचेगा और समाज के अंदर सौहाद्रपूर्ण वातावरण का निर्माण भी होगा। जनहित के अनेक कार्य होंगे।

# दिपावली पर सनसिटी में दिया सजाओ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन धनतेरस से

राजनांदगांव (दावा)। दिपावली महापर्व की पूर्व संध्या पर महावीर सन सिटी सोसायटी में इस बार लगातार चौथे वर्ष अपने अपने घर आंगन को दिये व रंगोली से सजाओ प्रतियोगिता रखी गई है। जिसमें अभी तक 50 से अधिक नाम आ चुके हैं, जो सत्तर अस्सी तक पहुंचने की संभावना है, लोगों का उत्साह देखते ही बनता है। इस प्रतियोगिता के तहत 29 अक्टूबर धनतेरस के शुभ दिवस संध्या में अपने घर आंगन को मिट्टी के दियों से सजाने का आयोजन होगा, जिसमें सिर्फ मिट्टी के दियों का उपयोग किया जाना आवश्यक होगा।



दूसरे दिन 30 अक्टूबर को रूप चौदस की संध्या को रंगोली बनाओ प्रतियोगिता होगी। जिसे दो वर्गों में रखा गया है, एक स्वयं के द्वारा बनाई गई तथा दूसरा कलाकारों द्वारा बनाई गई, दोनों प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय को नगद पुरस्कार के अलावा सभी को सांत्वना पुरस्कार भी दिए जायेंगे। संस्कारधानी को इस शानदार आयोजन का इंतजार रहता है। कार्यक्रम के प्रभारियों में नीलू अग्रवाल, कृष्णा माहेश्वरी, कीर्ति अग्रवाल, दीप्ति बिंदल, पिंकी माहेश्वरी, रितिका तिवारी, पूजा बक्शी, प्रभा गोलछा,मेघाली चोपड़ा होंगे. निर्णायक मंडल प्रभारी अतुल चोपड़ा होंगे, संपूर्ण तैयारी अध्यक्ष आनंद चोपड़ा, सचिव दिलीप गोलछा के मार्गदर्शन में चल रही है।

इस हेतु महावीर ग्रुप के चेयरमैन विनोद बोहरा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष राजेश डागा एवं अशोक अग्रवाल का पूरा सहयोग मिल रहा है। उक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता व योगेश कोटक द्वारा दी गई.

# मोदी जी ने 'मन की बात' के माध्यम से साईबर क्राईम के प्रति जागरूक किया - मधुसूदन

### त्यौहारों की खरीददारी स्थानीय स्तर पर करने की पीएम मोदी की अपील



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने आज मोतीपुर स्थित निज निवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का लाईव प्रसारण देखा एवं सुना। अपने घर विभिन्न समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचने वाली जनता से मेल मुलाकात के बीच कुछ समय का विराम लेकर पूर्व सांसद ने अपने घर पर प्रधानमंत्री के मन की बात के 115वें एपिसोड के सीधे प्रसारण को टेलीवीजन पर देखा। उन्होंने आज के एपिसोड को अत्यंत रोचक, ज्ञानवर्धक, समसामयिक एवं देश की जनता के लिये उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि आज के एपिसोड में पीएम मोदी ने विशेष रूप से देशवासियों को साईबर क्राईम के बढ़ते खतरे के प्रति जागरूक किया है, जिसके लिये डिजीटल सुरक्षा के 3 चरण रूको, सोचो, एक्शन लो, के साथ ही साथ डिजीटल अरेस्ट स्कैम, साईबर स्कैम के खिलाफ मुहीम में जुड़ने का आव्हान किया है।

पूर्व सांसद मधु ने आज के एपिसोड के सार तत्वों को दोहराते हुए आत्मनिर्भर भारत अभियान को जनअभियान बनाने, फिट इंडिया मूमेन्ट की भावना को जन आंदोलन बनाने, देश को इनोवेशन हब बनाने, के साथ ही वोकल फॉर लोकल की भावना को ध्यान में रखकर त्यौहारों की खरीददारी स्थानीय स्तर पर करने की अपील की है।

# जिपं. सदस्य राजेश श्यामकर के अथक प्रयास से घुमका बना नगर पंचायत

उपरवाह (दावा)। घुमका को नगर पंचायत बनाने ग्रामीण सहित क्षेत्रवासी वर्षो से मांग कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मिलकर ग्राम घुमका को नगर पंचायत बनाने की प्रक्रिया को पुरा कर नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है।



### ग्रामीण सहित क्षेत्रवासी ने श्यामकर का जताया आभार

जिला पंचायत सदस्य व डोंगरगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर के अथक प्रयास व मेहनत से ग्राम घुमका को नगर पंचायत का दर्जा मिला है। जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर नगर पंचायत बनाने ग्रामीणों को साथ लेकर चलते रहे। ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश पटेल का आभार जताया।
















स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com